


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -61 जबलपुर, गुरूवार 03 अप्रैल 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव

## ‘वक्फ बिल किसी की संपत्ति छीनने का कानून नहीं’, लोकसभा में बोले रिजिजू, जहां नमाज पढ़ी जाती है, वहां कोई दखल नहीं

# कानून सबको स्वीकार करना पड़ेगा वक्फ बिल पर अमित शाह ने भरी हुंकार, पूछा- सीएए से किसी की नागरिकता गई?



नई दिल्ली-(आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज लोकसभा में कहा कि मैं अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगी द्वारा पेश किए गए वक्फ विधेयक का पूर्ण समर्थन करता हूं। इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि एक सांसद ने पहले धमकी दी थी कि अल्पसंख्यक इस कानून को स्वीकार नहीं करेंगे; यह भारत सरकार का, संसद का कानून है, सभी को इसे स्वीकार करना होगा। उन्होंने कहा कि वक्फ परिषदों और बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल किया गया है; ये निकाय पूरी तरह से घोषित उद्देश्यों के अनुसार संपत्तियों का प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए हैं।

सीएए से किसकी नागरिकता गई?

अमित शाह ने दावा किया कि अगर 2013 में वक्फ में संशोधन नहीं किया गया होता तो इस (संशोधन विधेयक) विधेयक की जरूरत ही नहीं पड़ती। सब कुछ ठीक चल रहा था। लेकिन 2014 में चुनाव हुए और 2013 में रातों-रात तुष्टीकरण के लिए वक्फ अधिनियम में बदलाव कर दिया गया। उन्होंने कहा कि नतीजा यह हुआ कि कांग्रेस सरकार ने लुटियंस दिल्ली में 123 वीवीआईपी संपत्तियों को वक्फ को सौंप दिया, जबकि चुनाव आने में बस 25 दिन बचे थे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि तीन तलाक, सीएए पर भी डर फैलाया गया। उन्होंने सवाल किया कि बताइए सीएए से किसकी नागरिकता गई?

उन्होंने कहा कि एक और भ्रांति फैलाई जा रही है कि यह विधेयक पिछली तिथि से लागू होगा। जब आप इस सदन में बोलें तो जिम्मेदारी से बोलें। विधेयक में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि विधेयक पारित होने के बाद सरकार द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के बाद कानून लागू होगा।

## खाता न बही जो वक्फ कहे वही सही, देश का दूसरा विभाजन नहीं होने देंगे-अनुराग ठाकुर



नई दिल्ली-(आरएनएस)। लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक पर बोलते हुए भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने विपक्षी दलों पर इस विधेयक का विरोध करने के लिए निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विभाजन धार्मिक आधार पर हुआ था, इसलिए हम देश का दूसरा विभाजन नहीं होने दे सकते। ठाकुर ने कहा कि भारत ने 1947 में विभाजन देखा है। वह विभाजन एक परिवार और एक पार्टी की वजह से हुआ था। आज हम भूमि जिहाद के नाम पर दूसरा विभाजन नहीं होने देंगे। हम ऐसा नहीं होने देंगे। भारत को वक्फ बोर्ड के डर से मुक्ति चाहिए। अनुराग ठाकुर ने कहा कि नया कानून कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा।

## संशोधन नहीं लाते तो संसद की इमारत भी वक्फ की होती



नई दिल्ली-(आरएनएस)। किरेन रिजिजू ने कहा कि संप्रग सरकार ने वक्फ कानून में बदलावों के जरिये इसे अन्य कानूनों से ऊपर कर दिया था, इसलिए नये संशोधनों की आवश्यकता पड़ी। विपक्ष के शोरगुल के बीच रीजीजू ने साफ तौर पर कहा कि सरकार किसी भी धार्मिक संस्था में हस्तक्षेप नहीं करने जा रही। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में वक्फ विधेयक को चर्चा और पारित कराने के लिए रखते हुए कहा कि सरकार, संसद की संयुक्त समिति को वक्फ विधेयक पर हितधारकों, विशेषज्ञों से कई ज्ञापन और सुझाव मिले। उन्होंने कहा कि इस संसद भवन पर भी वक्फ का दावा किया जा रहा था, संप्रग सरकार ने तो काफी संपत्ति गैर-अधिसूचित करके दिल्ली वक्फ बोर्ड को दे दी। रीजीजू ने लोकसभा में विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि आपने उन मुद्दों पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की जो वक्फ विधेयक का हिस्सा नहीं हैं। किरेन रिजिजू ने कहा कि संप्रग सरकार ने वक्फ कानून में बदलावों के जरिये इसे अन्य कानूनों से ऊपर कर दिया था, इसलिए नये संशोधनों की आवश्यकता पड़ी। विपक्ष के शोरगुल के बीच रीजीजू ने साफ तौर पर कहा कि सरकार किसी भी धार्मिक संस्था में हस्तक्षेप नहीं करने जा रही।

## वक्फ बिल..जश्न मना रहे थे मुस्लिम! तभी हुआ ऐसा ऐलान, सब हैरान



नई दिल्ली-(आरएनएस)। केंद्र सरकार संसद में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश करने जा रही है। इस विधेयक का ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड समेत मुस्लिम संगठनों ने विरोध किया है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक का कड़ा विरोध करते हुए चेतावनी दी कि अगर यह विधेयक संसद में पारित हुआ तो देशव्यापी आंदोलन होगा। एआईएमपीएलबी के प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास ने विधेयक को लोकसभा में चर्चा के लिए रखे जाने से कुछ समय पहले कहा कि यह भेदभावपूर्ण और सांप्रदायिक रूप से प्रेरित है और आरोप लगाया कि विपक्ष द्वारा उठाई गई आपत्तियों को नजरअंदाज कर दिया गया।

लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक पर चर्चा और पारित होने के कारण हंगामेदार सत्र होने की संभावना है। इस विधेयक पर देश भर में विरोध और आलोचना हुई है और इस पर प्रत्येक सदन में आठ घंटे तक बहस होनी है। अगर यह विधेयक लोकसभा में पारित हो जाता है तो इसे आगे की चर्चा के लिए गुरुवार को राज्यसभा में भेजा जाएगा। नरेन्द्र मोदी सरकार इस विधेयक को पारित कराने के लिए कटिबद्ध है तथा विपक्ष इसका कड़ा विरोध कर रहा है, इसलिए संसद के दोनों सदनों में इस पर गहन बहस होने की उम्मीद है। कड़े विरोध के बीच अगस्त 2023 में पेश किए गए इस विधेयक को बाद में भाजपा सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेज दिया गया। कई महीनों के विचार-विमर्श के बाद, समिति ने इस साल 13 फरवरी को अपनी रिपोर्ट पेश की,

### जामनगर के बाहरी इलाके में घटना; प्लेन के कई टुकड़े हुए, आग लगी

## गुजरात में फाइटर जेट क्रैश, एक पायलट की मौत, दूसरा गंभीर घायल





जामनगर-(आरएनएस)। गुजरात के जामनगर में के बाहरी इलाके में बुधवार देर रात एयरफोर्स का जगुआर फाइटर जेट क्रैश हो गया है। घटना कालावड रोड पर सुवरदा गांव के पास हुई। क्रैश में एक पायलट की मौत हुई है। दूसरा गंभीर घायल है।

क्रैश के बाद प्लेन कई टुकड़ों में बंट गया। उसमें आग लग गई। क्रैश वाली जगह पर ग्रामीण, पुलिस और प्रशासन मौजूद है। फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में जुटी है। एयरफोर्स के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं। घटनास्थल की जो तस्वीरें सामने आई हैं उसमें नजर आ रहा है कि खेत के बड़े इलाके में आग लगी हुई है। क्रैश प्लेन के टुकड़े फैले हुए हैं। इससे पहले 7 मार्च को हरियाणा के पंचकूला में तकनीकी खराबी के एयरफोर्स का जगुआर फाइटर जेट क्रैश हुआ था। फाइटर जेट ने अंबाला एयरबेस से ट्रेनिंग के लिए उड़ान भरी थी। इस हादसे में पायलट जेट से सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब हुआ था। इसी दिन पश्चिम बंगाल के बागडोगरा में वायुसेना का परिवहन विमान रूसी मूल का एएन-32 लैंडिंग के बाद क्रैश हुआ था।

## अगले तीन वर्ष में प्रदेश की सभी बसाहटों को सड़कों से जोड़ा जाए- मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के सुगम आवागमन और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए प्रदेश की शत-प्रतिशत बसाहटों को सड़कों से जोड़ने के लिए समय-सीमा निर्धारित कर कार्रवाई करें। सभी जिलों में सड़कों की आवश्यकता का वैज्ञानिक आधार पर सर्वे सुनिश्चित कर कार्य-योजना बनाई जाए। सड़कों की आवश्यकता के संबंध में विधायकों और पंचायत प्रतिनिधियों का अभिमत अवश्य लिया जाए। राज्य सरकार अगले तीन वर्ष में सभी बसाहटों को सड़कों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री श्री प्रह्लाद पटेल, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अतिवृष्टि, बाढ़ तथा अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत और उनके उन्नयन की आवश्यकता के प्रति सतर्क रहते हुए तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जाए। सड़कों के रख-रखाव और नियमित निरीक्षण में मोबाइल एप, जियो टैगिंग तथा एआई टेक्नॉलोजी का उपयोग कर इसे अधिक प्रभावी बनाया जाए।

## मध्य प्रदेश 4-लेन में अपग्रेड होगा सागर-विदिशा एनएच, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंजूर किए 731.36 करोड़

भोपाल. मध्य प्रदेश में सागर-विदिशा राष्ट्रीय राजमार्ग पर राहतगढ़ से बेरखेड़ी तक नेशनल हाईवे क्रमांक-146 को जल्द ही फोर लेन में अपग्रेड किया जाएगा. इसके लिए केंद्र सरकार से बजट की स्वीकृति दे दी गई है. इस संबंध में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जानकारी देते हुए कहा कि, विभाग की ओर से इस मार्ग को फोरलेन में अपग्रेड करने के लिए 731.36 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं.

## मंडला में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर, दोनों पर था 14-14 लाख रुपए का इनाम



मंडला. (आरएनएस)। एमपी के मंडला में बिछिया स्थित मुंडिदादर व गन्हेरिदादर में आज सुबह दस बजे के लगभग पुलिस की नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई. जिसमें पुलिस ने 14-14 लाख रुपए की इनामी दो महिला नक्सली को मार गिराया. पुलिस ने दोनों के कब्जे से एक एसएलआर व भरमार बंदूक बरामद की है. खबर है कि पुलिस की टीम बिछिया स्थित मुंडिदादर व गन्हेरिदादर के जंगल में सर्चिंग कर रही थी. इस दौरान पुलिस की पर अचानक फायरिंग शुरु हो गई. फायरिंग होते ही पुलिस की टीम ने मोर्चा सम्हालते हुए जबावी फायरिंग शुरु कर दी. दोनों ओर से की जा रही फायरिंग में दो महिला नक्सली की गोली लगने से मौत हो गई. घटनास्थल से पुलिस को एक एसएलआर, एक भरमार बंदूक, वायरलेस सेट व दैनिक जरूरत का सामान मिला है. खबर मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए थे. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मारी गई नक्सलियों में एक छत्तीसगढ़ व दूसरी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली की रहने वाली है, दोनों पर 14-14 लाख रुपए का इनाम घोषित रहा. इससे पहले 19 फरवरी को बालाघाट के गढ़ी थाना इलाके में हुई मुठभेड़ में 4 महिला नक्सली मारी गई थी. ये सभी कान्हा भोरमदेव एबी डिवीजन खटिया मोर्चा दलम की सदस्य थी. इनमें से एक आशा पर 14 लाख का इनाम था. बालाघाट मुठभेड़ में मारी गई नक्सली कमांडर आशा वेश बदलने में माहिर थी. वह पिछले 6 साल से पुलिस को चकमा दे रही थी. उसका काम महिलाओं को नक्सली संगठन से जोडना था. वह उनसे गोंडी में बात करती थी. वह फर्राटेदार अंग्रेजी भी बोल लेती थी. गोरिल्ला वॉर में ट्रेंड आशा को पकडना पुलिस के लिए चुनौती थी. पुलिस जब-जब एनकाउंटर कर नक्सलियों को खत्म करती है, आशा कुछ ही समय में नई टीम तैयार कर लेती थी.

## दो बसों और बोलेरो जीप के बीच हुई भीषण टक्कर, 5 की मौत, 24 से ज्यादा घायल

बुलढाणा.(आरएनएस)। महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में बुधवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया. यह दुर्घटना शेगांव-खामगांव राजमार्ग पर सुबह करीब 5 बजे हुई, जिसमें दो यात्री बसों और एक बोलेरो जीप की आपसी टक्कर में पांच लोगों की जान चली गई, जबकि 24 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस वक्त हुआ जब तेज रफ्तार बोलेरो जीप ने पहले एक यात्री बस को टक्कर मारी.

## वक्फ बिल के समर्थन में सामने आईं मुस्लिम महिलाएं, विरोध के बीच भाजपा के लिए बड़ी राहत



नई दिल्ली-(आरएनएस)। आज लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश होगा। इसको लेकर सियासत तेज हैं। इन सबके बीच दिल्ली की महिलाएं आज लोकसभा में पेश किए जाने वाले वक्फ (संशोधन) विधेयक के समर्थन में उतरीं। भोपाल में भी महिलाएं वक्फ (संशोधन) विधेयक के समर्थन में सामने आईं। वहीं, मुंबई के बोरीवली में मुंबई भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्य आज संसद में केंद्र सरकार द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पेश किए जाने से पहले जश्न मना रहे हैं। मुंबई भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष वसीम आर खान ने कहा कि मैं इस विधेयक को लाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देता हूं क्योंकि इससे गरीब मुसलमानों को मदद मिलेगी। यह विधेयक बहुत पहले ही लाया जाना चाहिए था। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि यह विधेयक संवैधानिक है, मुसलमानों के हित में है, गरीबों के हित में है... जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं वे मुस्लिम विरोधी हैं। महाराष्ट्र राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष समीर गुलामनबी काजी ने कहा कि यह विधेयक आज पेश किया जा रहा है और संसद में इस पर चर्चा होगी।

## ‘पद छोड़ने गए थे मोदी- राऊत’ पिता के रहते विरासत नहीं- देवेंद्र



नागपुर (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नागपुर दौरा कई सवाल खड़े कर रहा है। शिवसेना सांसद संजय राऊत ने दावा किया है कि पीएम अपने रिटायरमेंट पर बात करने संघ मुख्यालय गए थे। भाजपा 75 बरस में= नेताओं को रिटायर करती है। पीएम इस साल सितंबर में 75 के हो जाएंगे। राऊत ने कहा कि संघ ही पीएम के उड्डाराधिकारी का फैसला करेगा। उ्मीद है कि वो महाराष्ट्र से होंगे। राऊत के इस बयान पर सीएम फडणवीस ने कहा है कि मोदी का विकल्प तलाशने की कोई जरूरत नहीं है। वो हमारे नेता हैं और पद पर बने रहेंगे। ?या सक्रिय नेता के उड्डाराधिकारी तलाशे जाते हैं। 2029 में हम मोदी के नेतृत्व में ही लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। पिता के रहते विरासत नहीं दी जाती। खबर ये भी है कि संघ के नेता सुरेश जोशी भैयाजी ने कहा है कि औरंगजेब की कब्र का मुद्दा गैर-जरूरी है। एक दौर था, जब उसकी कब्र बना दी गई थी। जो उसमें आस्था रखते हैं, वो जाएं। हमारे पास छत्रपति शिवाजी महाराज का आदर्श मॉडल है।

### चोरी- छुपे जम्मू-कश्मीर के पुंछ में घुसपैठ की कोशिश में पाकिस्तानी सेना!

## बॉर्डर पर चली गोलियां, भारतीय गोलीबारी में 4-5 घुसपैठिए मारे गए- सूत्र



नई दिल्ली-(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर की जो सीमाएं पाकिस्तान से जुड़ी है वहाँ पर हाल ही में काफी ज्यादा हलचल देखने को मिल रही हैं। एक तरफ आतंकवादियों ने घाटी में दहशत का माहौल बना रखा है दूसरी तरफ से खबरें आ रही हैं पाकिस्तान की सेना ने भी बॉर्डर पर हरकतें की है। नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तनाव बढ़ गया है क्योंकि पाकिस्तानी सेना ने बारूदी सुरंगों के विस्फोट के बाद भारतीय सैनिकों पर गोलीबारी की है। पाकिस्तानी सेना द्वारा मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में घुसपैठ करने की कोशिश की गयी। इस घटना की जानकारी जैसे ही भारतीय सेना को मिला तो सेना ने जवाबी गोलीबारी में 4-5 घुसपैठियों को मार गिराया। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम समझौता हो रखा है लेकिन पाकिस्तान हमेशा इस तरह की हरकतों से दोनों देशों के बीच हुए संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन करता है। सीमा पार से होने वाली गोलीबारी से क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंताएँ बढ़ गई हैं।

सेना ने कहा कि पुंछ जिले के कृष्णा घाटी इलाके में घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया गया। मंगलवार को पाकिस्तानी सैनिकों और घुसपैठियों ने गोलीबारी की, जिसके बाद भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई की। सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तानी पक्ष को भारी नुकसान हुआ। हाल के महीनों में यह पहली बार है जब सेना ने पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम उल्लंघन की पुष्टि की है। इस साल फरवरी की शुरुआत में कृष्णा घाटी सेक्टर में इसी तरह की क्रॉस-फायरिंग की घटनाएं सामने आई थीं। भारतीय सेना ने कहा कि उसकी तरफ से जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। पूरे दिन रुक-रुक कर गोलीबारी जारी रही और भारतीय सेना कृष्णा घाटी इलाके में पूरी तरह से तैनात है। रक्षा प्रवक्ता ने कहा, 1 अप्रैल को, एलओसी के पार पाकिस्तानी सेना की घुसपैठ के कारण कृष्णा घाटी सेक्टर में एक माइन ब्लास्ट हुआ। इसके बाद पाकिस्तानी सेना द्वारा बिना उकसावे के गोलीबारी और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया। हमारे सैनिकों ने नियंत्रित और संतुलित तरीके से प्रभावी ढंग से जवाब दिया। स्थिति नियंत्रण में है और उस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। एलओसी पर

## उत्तराखंड भाजपा में फूट, सांसद त्रिवेंद्र सिंह ने आरोप लगाए



देहरादून (आरएनएस)। जिन रा'यों में भाजपा की सरकार है, वहां भी संगठन के अलग-अलग सिरों को मिलाना मुश्किल हो रहा है। कर्नाटक, यूपी के बाद अब उड्डाराखंड भाजपा में दरार दिखाई दे रही है। पूर्व सीएम और सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने दावा किया है कि रा'य में बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा है। संसद में रावत ने कहा कि शेर, कुड्डो का शिकार नहीं करते। अवैध खनन करवाने में ज्मिेदार भी साथ देते हैं। उड्डाराखंड आइएएस एसोसिएशन ने त्रिवेंद्र सिंह रावत के बयान पर विरोध जताया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी को एसोसिएशन का साथ है। दूसरी तरफ यूपी में भाजपा ने हाल ही में आदित्य नाथ सरकार की सार्वजनिक आलोचना करने पर विधायक नंदकिशोर गुर्जर को नोटिस दिया है। मध्यप्रदेश में भी विधायक चिंतामण मालवीय ने सरकार के खिलाफ बोला था, जिन्हें पार्टी ने कारण बताओ नोटिस दिया था।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना रांझी में करण सिंह परिहार उम्र 21 वर्ष निवासी चंद्रमोहन नगर बेरियल नम्बर 1 के पास रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पेंटिंग का काम करता है अपने घर से झंडा चौक राशन का सामान लेने जा रहा था मुंडी टोरिया कुंडा जलाशय के पास उसे रोहित मिश्रा मिला जो उससे शराब पीने के लिये 50 रूपये मांगने, उसने रूपये देने से मना किया तो रोहित मिश्रा उसके साथ गाली गलोज करने लगा, गालियां देने से मना किया तो चाकू से हमलाकर सीना में चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

# स्कूल मे बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने शिक्षक घर घर जाकर पालकों से करें सम्पर्क





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जिले मे 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है, शासन द्वारा स्कूलों मे बच्चों तथा उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जबलपुर जिले मे जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा इस दिशा मे लगातार प्रयास किए जा रहे है, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी द्वारा पूरे जिले मे स्कूलों के निरीक्षण हतु बी.ई.ओ के दल बनाये गए है। यह दल लगातार निरीक्षण कर रहे है।

जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर घनश्याम सोनी के द्वारा शहर के शास मॉडल स्कूल के माध्य. विभाग, शा कन्या उमावि व्योहारबाग, शास हाई स्कूल बेलबाग, शा उमावि घमापुर, शा उमावि कमला नेहरू नगर का निरीक्षण किया गया.

शा मॉडल स्कूल के माध्यमिक विभाग मे स्कूल व्यवस्थित पाया गया, बच्चों की उपस्थिति भी ठीक पायी गयी। कक्षा छठवी मे प्रवेश की प्रक्रिया मे तेजी लाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक को दिए गए।

शा कन्या उमावि व्योहारबाग स्कूल

## जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूलों का औचक निरीक्षण जारी

के निरीक्षण मे बच्चो की उपस्थिति बहुत ही कम पायी गयी, जिस पक्र डी ई ओ के द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी। विद्यालय की उमाशि मधु राघव राय, आइसीटी टीचर सूर्या तिवारी एवं भृत्य प्रदीप कोरी बिना अवकाश स्वीकृति के अवकाश पर पायी गयी. शा हाई स्कूल बेलबाग मे निरीक्षण के दौरान वहुत ही अव्यवस्था देखने को मिली, बच्चें कक्षाओं से बाहर घूम रहे थे, बच्चों की उपस्थिति भी बहुत कम पायी गयी. शा उमावि घमापुर मे निरीक्षण के दौरान प्राचार्य श्रीमती रागिनी नरवरिया बिना अवकाश स्वीकृति के अवकाश पर पायी गयी,विद्यालय के उमाशि साबिर खान भी बिना अवकाश स्वीकृति के अवकाश पर पाए गए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय मे बच्चों की उपस्थिति अत्यंत न्यून पायी गयी., बच्चों की कक्षान्नति भी नहीं की गयी थी।

शाउमावि कमला नेहरू नगर के निरीक्षण मे कक्षाए व्यवस्थित नहीं पायी गयी तथा बच्चों की उपस्थिति भी कम पायी गयी जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी।

निरीक्षण के दौरान विद्यालयों मे पायी गयी कमियों पर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब माँगा गया है, संतोषजनक जवाब प्राप्त न होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने जिले के सभी प्राचार्य को निम्नानुसार निर्देश प्रसारित किए है-

1. 1अप्रैल से चालू नवीन शिक्षण सत्र मे सभी सुनिश्चित करें कि सभी कक्षाओं में विधिवत अध्यापन प्रारंभ हो।

2. सभी शिक्षकों के माध्यम से सभी विद्यार्थियों,अभिभावकों से संपर्क कर विद्यार्थियों की स्कूल में समय बद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करें।

3. स्कूल की स्वक्षता,पेयजल शौचालय की व्यवस्था उचित प्रकार से करें। 4. सभी शिक्षक स्कूल समय के आधा घंटा पहले स्कूल पहुंचे,तथा स्कूल समाप्ति के आधा घंटा बाद स्कूल छोड़े।

5. सभी शिक्षक अप्रैल माह की अध्यापन योजना बना लें,पूर्व निर्देश अनुसार डेली डायरी एवं स्टूडेंट स्ट्रद्भह्लड्ड रजिस्टर द्बड्डद्बठ्ठह्लड्डद्बठ्ठ करें ,डेली डायरी में प्रतिदिन अध्यापित पाठ्यांश पर अधिकतम वन लाइनर प्रश्न गृहकार्य के रूप में तैयार कर विद्यार्थियों को दें।

6. छात्र छात्राओं का एडमिशन एवं कक्षोंन्नति पोर्टल 3.0 पर संचालनालय के निर्देश के अनुसार करें,निर्देश का शब्दश: पालन करें। 7. माह अप्रैल मे प्रत्येक विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया जावे ,जिसमें जनप्रतिनिधि,वरिष्ठ नागरिक,अभिभावकों को सम्मिलित किया जावे। 8. सभी छात्र छात्राओं को अप्रैल माह मे ही नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण किया जाए।

9. शंकुल प्राचार्य अपने अधीनस्थ स्कूल में उक्त अनुसार व्यवस्था हेतु निर्देश देकर मॉनिटरिंग करेंगे।

10. छात्रवृत्ति हेतु पात्र छात्र छात्राओं जिनके अकाउंट फेल हुए हैं,अकाउंट अपडेट करें ,ताकि उन्हें छात्रवृत्ति प्राप्त हो।

# एम.पी. ट्रांसको के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेन्स कर्मियों के लिये आयोजित होंगे फ्री हेल्थ चेकअप कैंप

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के मध्यप्रदेश में कार्यरत सभी एम.पी. ट्रांसको के सभी ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेन्स कार्यों में संलग्न सभी स्थायी, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मियों के लिये फ्री हेल्थ चेकअप केंप आयोजित किये जायें। साथ ही ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेन्स के सभी उपसंभागों में जीवन रक्षक तकनीक पर कार्यशाला आयोजित की जावें। उक्त निर्देश मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक ने जबलपुर में आयोजित ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेन्स कार्मिकों के लिये आयोजित 02 दिवसीय कार्यशाला के प्रारंभिक सत्र में दिये, उन्होंने कहा कि कंपनी के सभी कार्मिक आउटसोर्स कर्मियों का विशेष ध्यान रखें और उन्हें वह सब सुविधाएं उपलब्ध करावें जिससे उनका हित हो सके। उन्होंने कार्य के दौरान दुर्घटनाओं को रोकने के लिये मेंटेनेन्स कर्मियों के मोबाइल इस्तेमाल पर रोक का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये। कंपनी के सामाजिक दायित्व के तहत उन्होंने कार्मिकों की ड्रिकिंग हेविट्स पर रोक लगाने के उपाय अपनाने का सुझाव भी दिया। कार्यशाला के संयोजक अधीक्षण अभियंता श्री सुनील यादव ने बताया कि इसमें प्रदेश भर के लगभग 40 लाइन और सबस्टेशन मेंटेनेन्स कर्मियों ने हिस्सा लिया जिन्हें विभिन्न विषय विशेषज्ञो द्वारा कंपनी की जीरो एक्सीडेंट पॉलिसी के तहत सुरक्षित कार्य संपादित करने के विषय में विस्तार पूर्वक बताया गया, साथ ही उपस्थित कर्मियों का आपसी संवाद सेशन भी आयोजित किया गया, जिसमें सभी ने अपने अनुभव साझा किये।

## अजीत सिंह नैय्यर बने जबलपुर संभाग के अध्यक्ष



जबलपुर- प्रदेश सिखों की शिरोमणि संस्था मध्य प्रदेश = छत्तीसगढ़, केंद्रीय गुरु सिंघ सभा, भोपाल द्वारा संस्कारधानी के युवा समाजसेवी स. अजीत सिंह नैय्यर सीटू को जबलपुर संभाग का अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया गया है। पूर्व में, श्री नैय्यर को, पंजाबी साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश शासन, भोपाल द्वारा जबलपुर संभाग का कार्यक्रम समन्वयक भी नियुक्त किया गया है। इस उपलब्धि पर नगर की विभिन्न सिख संस्थाओं ने श्री नैय्यर को बधाईयां संप्रेषित की हैं।

## अप्रवासी भारतीयों से क्रूरता मानव अधिकार संगठन की शिकायत पर राष्ट्रपति ने लिया संज्ञान

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अप्रवासी भारतीयों को अमेरिका से हथकड़ी लगाकर भारत लाने का मामला अब भी ठण्डा नहीं हुआ है. मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार वाधवानी ने इस मामले को लेकर राष्ट्रपति से शिकायत की थी. शिकायत के एक माह बाद राष्ट्रपति ने इस मामले पर संज्ञान लिया है. राष्ट्रपति कार्यालय से संगठन को पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें कहा गया है कि जल्द ही राष्ट्रपति द्वारा इस मामले में अमेरिका सरकार से बातचीत कर ठोस कदम उठाए जायेंगे. गौरतलब है कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसौदिया, डॉ. अजय कुमार वाधवानी, एड. भावना निगम, एड. साक्षी भारद्वाज, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक जैन, कमरूल इस्लाम खान, महेश ठाकुर आदि ने अप्रवासी भारतीयों को हथकड़ी लगाकर भारत लाने का घोर विरोध करते हुए राष्ट्रपति को पत्र लिखकर इसे भारत का अपमान बताया था.

# डॉ जय चड्डा कटनी का गौरव अवार्ड से सम्मानित




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु कटनी के गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया यह अवार्ड जबलपुर की नवयुग जला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग (नवयुग शिक्षा समिति ) के द्वारा प्रदान किया गया है कटनी में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य नवयुग महाविद्यालय जबलपुर डॉ संजय तिवारी जो ने उन्हें इस सम्मान से सम्मानित किया डॉ तिवारी ने अपने उद्बोधन में डॉ चड्डा की संघर्ष की कहानी से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ तिवारी द्वारा वाणिज्य के क्षेत्र मे लगभग 40 किताबें है इसके साथ ही सैकड़ो शोध पत्र शोध कार्यक्रम उन्होंने युवा प्राध्यापकों को शोध और नवाचार के क्षेत्र मे आगे आने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्राचार्य हितकारिणी महिला महाविद्यालय डॉ नीलेश पांडेय भी उपस्थित रहे डॉ चड्डा ने सम्मान पाकर भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र मे इसी तरह नवाचार करने को कहा। आभार प्रदर्शन डॉ राजीव खत्री उप प्राचार्य महाविद्यालय ने किया संचालन डॉ आर एस परिहार ने किया। समस्त प्राध्यापक और छात्र छात्राएँ शामिल रहे

## भगवान झूलेलाल एवं निषादराज जी की जयंती के अवसर पर समरसता सेवा संगठन द्वारा विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन आज

जबलपुर। समरस भारत - समर्थ भारत के लिये सब सबको जाने - सब सबको माने, एक अभियान के अंतर्गत समरसता सेवा संगठन द्वारा भगवान झूलेलाल एवं निषादराज जी की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन कल 03 अप्रैल 2025 गुरुवार को शाम 04=00 बजे से महेश भवन, गोपालबाग दमोहनाका के पास किया गया है। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

## ताप विद्युत गृहों ने किया रिकार्ड 28789.8 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन

# मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने रचा नया इतिहास



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपने ताप विद्युत गृहों के माध्यम से ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों ने कुल 28789.8 मिलियन यूनिट (रू) विद्युत उत्पादन कर नया कीर्तिमान बनाया। यह अब तक किसी भी वित्तीय वर्ष में हुआ सर्वाि धक विद्युत उत्पादन है। इससे पूर्व वित्तीय वर्ष 2023-24 में ताप विद्युत उत्पादन 28627.03 मिलियन यूनिट दर्ज हुआ था। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया ने सर्वाि धक 15042 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। उल्लेखनीय है कि पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों की कुल स्थापित उत्पादन क्षमता 4570 मेगावाट है।

किस विद्युत गृह का कैसा रहा प्रदर्शन-मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के 210 मेगावाट स्थापित क्षमता के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई ने 1546 मिलियन यूनिट, 500 मेगावाट स्थापित क्षमता के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी ने 3756 मिलियन यूनिट, 1340 मेगावाट स्थापित क्षमता के संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर ने 8445 मिलियन यूनिट व 2520 मेगावाट स्थापित क्षमता के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया ने 15042 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया।

संजय गांधी ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 3 ने किया कमाल-संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की 500 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 3 ने 4116 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर रिकार्ड बनाया। यह इस यूनिट के इतिहास में सर्वाि धक विद्युत उत्पादन है।

ऊर्जा मंत्री ने कहा ताप विद्युत उत्पादन की नई ऊंचाई-मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने ताप विद्युत गृहों के अि भयंताओं व कार्मिकों को ऐतिहासिक सर्वाि धक ताप विद्युत उत्पादन करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि राज्य के ऊर्जा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाता है और ताप विद्युत उत्पादन की नई ऊंचाई का संकेत है। ऊर्जा मंत्री ने आशा व्यक्त की कि रिकार्ड स्तर का ताप विद्युत उत्पादन राज्य की औद्योगिक वृद्धि व विद्युत आपूर्ति को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

## पश्चिम मध्य रेलवे ने बीते वर्ष में 8200 करोड़ से अधिक अर्जित किया ओरिजनेटिंग रेवेन्यू

# पैसेंजर एवं संड्री अर्निंग में पश्चिम मध्य रेल अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के निरंतर मॉनेटरिंग के चलते पश्चिम मध्य रेलवे की ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू में वृद्धि हुई हैं। जिसमें वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कार्य करते हुए जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों ने रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास भी किये जा रहे हैं। पश्चिम मध्य रेल ने बीते वित्तीय वर्ष में पैसेंजर एवं संड्री अर्निंग में अब तक का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल की हैं।

इस वित्तीय वर्ष के अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक पश्चिम मध्य रेल ने लगभग कुल रुपये 8201 करोड़ 97 लाख

## संड्री अर्निंग में रिकॉर्ड लगभग 55 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई

का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है। जिसमें मद वाइस आय पर नजर डालें तो यात्री यातायात से रुपये 2424 करोड़ 33 लाख, माल यातायात से रुपये 5245 करोड़ 22 लाख, अन्य कोचिंग मद में रुपये 176 करोड़ 45 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 355 करोड 97 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है।

यात्री यातायात में रेलवे राजस्व बढ़ाने के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित प्रयास किये गए =- ? यात्रियों के लिए रेल यात्रा को सुरक्षित और बेहतर बनाया गया। ? स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा हैं। ? पमरे से चलने वाली स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि को विस्तारित कर चलाया जा रहा हैं।? यात्री ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के लिए अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं।? पश्चिम मध्य रेल में मिलने वाले प्रायोगिक ठहराव की अवधि यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बढ़ाया जा रहा हैं। ? अधोसंरचना कार्यों में गति प्रदान कर यात्री ट्रेनों की गति में वृद्धि की गई साथ ही समयपालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। माल यातायात में रेलवे राजस्व बढ़ाने के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित प्रयास किये गए-

? मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया गया। ? माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएं दी जा रही। ? गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल / साइडिंग को बढ़ाने का निरंतर प्रयास किये जा रहे है। ? नई रेल लाइन/दोहरीकरण/तिहरीकरण जैसे अधोसरंचना कार्यों में गति प्रदान की जा रही है। ? मालगाड़ियों में ऑपरेशनल सुधार भी किए जा रहे है। ? गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया है।

पश्चिम मध्य रेलवे तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा द्वारा रेलवे राजस्व वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

## डॉ. अनीता बब्बर को कृषि महाविद्यालय,जबलपुर के डीन की जिम्मेदारी सौंपी गई



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा पर कृषि महाविद्यालय की प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनीता बब्बर को कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के डीन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. बब्बर ने जई, बरसीम, उड़द एवं चने की फसलों में मुख्यत: अनुसंधान कार्य किया है, जिसमें से चने की 11 प्रजातियां अत्यंत प्रचलित हैं, आपकी जेजी-14 चने की प्रजाति को विश्व पटल पर प्रथम हीट टोलरेंट का दर्जा प्राप्त है। आपके द्वारा 14 परियोजनाएं संचालित की जा चुकी हैं। आपके 71 रिसर्च पेपर, 5 पुस्तक लेख प्रकाशित हो चुके हैं। डॉ. बब्बर 40 से अधिक शोध छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान कर चुकी हैं। आपको बेस्ट साइंटिस्ट अवॉर्ड, बेस्ट तकनीकी स्थांतरक एवं बेस्ट टीचर अवॉर्ड के रूप में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। आपने अनुसंधान एवं वैज्ञानिक चिंतन के लिए कई देशों में ज.ने.कृ.वि.वि. का प्रतिनिधित्व किया है। डॉ. अनीता बब्बर को कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के अधिष्ठाता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस.के. पांडे, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतु, संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, वित्तनियंत्रक डॉ. अजय खरे, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. बी. एस. द्विवेदी सहित प्राध्यापक, वैज्ञानिक, अधिकारी-कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की है।

# एयरटेल ने मध्य प्रदेश में नई सुविधा के साथ ग्राहक सेवा क्षमताओं का विस्तार किया

इंदौर- भारत की अग्रणी टेलीकॉम सेवा प्रदाता में से एक भारती एयरटेल ने अशोक नगर, मध्य प्रदेश में अपनी नई अत्याधुनिक ग्राहक सेवा फ़ैसिलिटी का शुभारंभ किया है। यह फैसिलिटी एयरटेल के सबसे बड़े कॉल सेंटरों में से एक है, जिसका उद्घाटन माननीय संचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने किया। यह नया केंद्र इनबॉउन्ड ग्राहकों के शिकायतों को संभालने में सक्षम होगा, जिससे न केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरे भारत में ग्राहकों को बेहतर सेवा मिल सकेगी। यह पहल एयरटेल की कनेक्टिविटी को मजबूत करने, डिजिटल बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और क्षेत्र में नए रोजगार अवसर सृजित करने के प्रयासों का हिस्सा है। उद्घाटन के दौरान, माननीय मंत्री ने इस केंद्र का दौरा किया, वहां के कर्मचारियों से बातचीत की और प्रशिक्षण व नियुक्ति प्रक्रियाओं को समझा। उन्होंने इस अत्याधुनिक सुविधा, प्रशिक्षण और रोजगार के अवसरों की सराहना करते हुए डिजिटल युग में लोगों को जोड़ने के महत्व पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने इस विश्वास्तरीय सुविधा की स्थापना में एयरटेल के त्वरित प्रयासों की सराहना की और नए कॉल सेंटर एजेंटों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। एयरटेल इस नए कॉल सेंटर के माध्यम से उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने और स्थानीय समुदाय के लिए नए रोजगार अवसर पैदा करने के अपने संकल्प को जारी रखेगा।

## आयुक्त के द्वारा नगर निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को किया जावेगा 4 प्रतिषत डीए के एरियर्स राषि की द्वितीय किष्त का भुगतान एवं 1 करोड़ रुपये ग्रेच्युटी राषि का भुगतान, साथ ही एन.पी.एस. एवं जी.पी.एस. राषि की जायेगी जमा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अजाक्स संघ, नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ, चालक संघ नगर निगम जबलपुर एवं शासकीय अर्धशासकीय वाहन चालक वेलफेयर एसोसिएशन मध्यप्रदेश के द्वारा आज दिनांक को माननीय महापौर महोदय श्री जगत बहादुर सिंह (अन्नू) जी, माननीय निगमायुक्त महोदया श्रीमति प्रीति यादव जी को ज्ञापन सौंपते हुये बताया गया कि म.प्र. शासन के द्वारा आदेष पारित किया गया जिसमें 4 प्रतिषत डीए के एरियर्स राषि का भुगतान चार किष्तों में किये जाने हेतु सुनिष्चित किया गया किंतु आज दिनांक तक कर्मचारियों को एरियर्स राषि की द्वितीय किष्त का भुगतान नहीं किया गया। साथ ही संघ के द्वारा महापौर जी एवं आयुक्त महोदया को बताया गया कि नगर निगम से सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों को ग्रेच्युटी राषि का भुगतान काफी समय से नहीं किया जा रहा है एवं नगर निगम जबलपुर में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों के वेतन से एन.पी.एस. एवं जी.पी.एफ. राषि की कटौती तो की जा रही है किंतु कर्मचारियों के एन.पी.एस. एवं जी.पी.एस. खाते में वह राषि जमा नहीं की जा रही है। संघ के द्वारा की जा रही मांगों को गंभीरतापूर्वक विचार करने के उपरांत महापौर जी एवं आयुक्त महोदया श्रीमति प्रीति यादव जी के द्वारा संघ की मांगों को स्वीकार करते हुये वित्त अधिकारी को निर्देषित किया गया कि कर्मचारियों को 4 प्रतिषत डीए के एरियर्स राषि की द्वितीय किष्त का भुगतान आगामी माह के वेतन के सहित कराया जावे। साथ ही माननीय निगमायुक्त श्रीमति प्रीति यादव जी के द्वारा उपादान राषि का भुगतान करने हेतु 1 करोड़ रूपये ग्रेच्युटी की राषि प्रदान की गई, इसके सहित निगमायुक्त महोदया द्वारा कर्मचारियों के एन.पी.एस. एवं जी.पी.एस. खाते में एन.पी.एस. एवं जी.पी.एस. राषि जल्द से जल्द जमा करने हेतु वित्त अधिकारी को आदेषित किया गया। माननीय महापौर श्री जगत बहादुर सिंह (अन्नू) जी एवं माननीय निगमायुक्त महोदया श्रीमति प्रीति यादव जी को ज्ञापन प्रेषित करने हेतु अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, अचैया कोरी, राजेन्द्र पटेल, मन्नूलाल पटेल, गुलशन जबलपुरी, रामाराव मगरदे, कालूराम सोलंकी, समीम भईजान, जगदीष नन्हेट, सामियल, दयाराम ध्रुर्वे, श्रीनिवासलू, कोयरी नायडू, रामू, जे. प्रवीण, महेन्द्र मलिक, सोनू श्रीवास, राममूर्ति, राहुल कोरी, सुनील सिगोटिया सहित अधिक संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



भोपाल-अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को विभिन्न विभागों द्वारा प्रदाय छात्रवृति योजनाओं के सरलीकरण, एकरूपता एवं छात्रावास व्यवस्था में सुधार के संबंध में, जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर डॉ. विजय शाह की अध्यक्षता में गठित अंतर्विभागीय समिति की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में आयोजित की गई। बैठक में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्रीश्री इंदर सिंह परमार, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) श्रीमती कृष्णा गौर और लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल और

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वास पर खरी उतरी प्रदेश सरकार जीआईएस में मिले 30 लाख करोड़ के निवेश-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की 2500 छोटी-बड़ी औद्योगिक इकाइयों को अंतरित की 1778 करोड़ रुपए की उद्योग प्रोत्साहन राशि

# दूर कर दी हैं, हमने सारी बाधाएं आप उद्योग लगाएं, सरकार करेगी मदद- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज मध्यप्रदेश एक नई उड़ान पर है। सरकार की रीति-नीति से निवेशकों में विश्वास का माहौल बना है। प्रदेश में उद्यमी, उद्योगपति, व्यापारी, व्यवसायी सब उत्साहित हैं। हम उद्यमशीलता को बढ़ाने के लिए एक नई धारा, एक नई ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश में बिजनेस को सहज बनाने के लिए हमने सारी बाधाएं, सारी रूकावटें दूर कर दी हैं। आप बस उद्योग लगाएं, हमारी सरकार उद्योग लगाने से लेकर इसे संचालित करने तक आपकी हर जरूरी मदद करेगी, प्रोत्साहन इन्सेंटिव देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की ओर से एक निजी होटल में आयोजित उद्योग निवेश सब्सिडी के वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में स्थापित करीब 2500 सूक्ष्म, लघु और मध्यम श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों को 1075 करोड़ और छोटे-बड़े (वृहद श्रेणी के) उद्योगों को करीब 703 करोड़ रूपए, इस प्रकार कुल 1778 करोड़ रुपए की उद्योग निवेश सब्सिडी हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट दबाकर सिंगल क्लिक से डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए सब्सिड़ी राशि उद्यमियों (निवेशकों) के बैंक खाते में ट्रांसफर की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्यमियों का बढ़ता हौसला ही हमारी पूंजी है। जीआईएस से हमें बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला है। मध्यप्रदेश में हर निवेशक का स्वागत है, सम्मान है। हमने छोटे-बड़े सभी उद्योगों को प्रोत्साहन दिया




है, नए वित्त वर्ष के सालाना राज्य बजट में भी हमने सबका ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि बीते साल हमने 5 हजार 260 करोड़ की उद्योग निवेश सब्सिडी राशि पूरी पारदर्शिता के साथ डीबीटी के जरिए ही निवेशकों के खातों में हस्तांतरित की। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने नवीन औद्योगिक नीति बनाई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 का सफल आयोजन हुआ, जिसमें 30 लाख 77 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। सरकार ने संभागीय स्तर पर औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन और लोकार्पण प्रारंभ कर दिया है। राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन और उन्हें प्रोत्साहन राशि ट्रांसफर करना, जीआईएस के बाद निवेशकों को प्रोत्साहित करने की अगली कड़ी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने प्रदेश में पहली बार निवेश की संभावनाओं को तलाशा और संभागीय स्तर पर आयोजित की गई 7 रीजनल इन्वेस्टर्स समिट ने नई ऊंचाइयां प्राप्त कीं। प्रदेश में निवेश एवं उद्योगों के विकास में देश-दुनिया के उद्योगपतियों ने उत्साह दिखाया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जीआईएस के उद्घाटन-सत्र में उद्योगपतियों और व्यापारियों को निवेश के मंत्र दिए। उन्होंने कहा था कि अपार संभावनाओं वाले मध्यप्रदेश में निवेश का यही समय सही है।

जीआईएस के सफल आयोजन पर उद्योग विभाग और निवेशकों का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस में प्राप्त निवेश का आंकड़ा देखा जाए तो राज्य सरकार और निवेशक दोनों ही प्रधानमंत्री श्री मोदी के विश्वास पर खरे उतरे हैं। उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए डीबीटी से राशि भेजी जा रही है। सरकार छोटे-बड़े निवेशक और उद्योगपतियों में भेदभाव नहीं करती है। सरकार हर एक को उद्योग प्रोत्साहन राशि प्रदान कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के विकसित भारतञ्च2047 के संकल्प के अनुरूप मध्यप्रदेश सरकार ने भी 5 साल में राज्य का बजट दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2025-26 के लिए सरकार ने 4 लाख 21 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश किया है। इसमें औद्योगिक विकास के लिए बजट राशि में डेढ़ गुना की वृद्धि की गई है। राज्य सरकार ने वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में घोषित किया है। पूरे साल औद्योगिक विकास की गतिविधियां प्रदेशभर में संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस और आरआईसी के सफल आयोजन के बाद अब प्रदेशभर में जिला स्तर पर सेक्टर आधारित इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की शुरुआत की जा रही है।

## किसी भी अभियान को प्रारंभ करने से पहले जनजागरण बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है- डॉ. मिश्र

दतिया (आरएनएस)। हमारी संस्कृति में प्रारंभ से ही पेड़ो, नदियों की पूजा की जाती है एवं उनको महत्वपूर्ण स्थान दिया है। नीम, पीपल, तुलसी, बरगद इत्यादि वृक्षों में अनेक औषधीय गुण समाहित है। यह बात जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रारंभ करने पहुंचे मुख्य पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने मंच से कही। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में हमारा विज्ञान समाहित है। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत हाइवे पर स्थित ऑक्सीजन पार्क में पौधरोपण कर की।

डॉ. मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा प्रारंभ किए गए इस अभियान के लिए जनजागरण महती भूमिका निभाता है। पहले लोग प्रकृति के विभिन्न स्त्रोतों को विशेष महत्व देते थे। नदियों, कुएं, बावड़ी, तालाबों का संरक्षित रखते थे, जिससे पर्यावरण में संतुलन बना रहता था। आज मनुष्य भौतिकता में इन सभी प्राकृतिक स्त्रोतों के महत्व को भूलता जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से हमें पुनः वही प्राचीन युग को लौटाना होगा और जनजागरण कर इस अभियान को सफ्ल बनाना है। जल स्त्रोतो का संरक्षण, संवर्धन करना है, जीर्णोद्वार करना है एवं वृक्षारोपण के कार्य को गति देनी है। जिससे आने वाली पीढी को जल संकट से न गुजरान पडे और पर्यावरण संतुलित बना रहे। उन्होंने कहा कि दतिया में सभी की सहभागिता से इस अभियान को हम सफ्ल बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि दतिया में मल्टीपार्किंग के लिए 45 करोड़ की शासन से सैद्वान्तिक स्वीकृति मिल गई है। जिसमे 150 दुकानें भी बनाइ जाएगी। नए स्टेडियम के निर्माण के लिए भूमि चिन्हित कर स्वीकृति मिली है। दतिया वासियों को इस सौगात के लिए उन्होंने बधाइया दी।

कार्यक्रम में चैत्र नवरात्रि के प्रारंभ होने के चलते मातारानी के भजनों की प्रस्तुतियां भी दी गई।

कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर कलेक्टर संदीप कुमार माकिन एवं आला अधिकारियों ने स्वागत किया।

इसके उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षय कुमार तेम्रवाल ने जल गंगा संवर्धन अभियान की रूपरेखा से कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों एवं नागरिकों का अवगत कराया गया।

मंत्री श्रीमती उइके ने सिंगरौली में स्कूल चले हम अभियान का किया शुभारंभ

## शिक्षा सूर्य की तरह अज्ञानता के अंधेरे को दूर करती है

भोपाल(आरएनएस) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री एवं सिंगरौली जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने खुटार मे स्कूल में प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा सूर्य की तरह अज्ञानता के अंधेरे को दूर करती है, कोई भी बच्चा स्कूल में प्रवेश से वंचित न रहे। प्रदेश में आज से नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो गया है। इस अवसर पर सभी जिलों में प्राथमिक विद्यालयों में प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है। मंत्री श्रीमती उइके ने विभिन्न विद्यालयों में आयोजित समारोहों में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने नौनिहालों के माथे पर तिलक लगाकर और पाठ्य पुस्तक वितरण कर विद्यालय में प्रवेश कराया। मंत्री श्रीमती उइके ने प्रवेशोत्सव में कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि कोई भी छात्र-छात्रा शिक्षा



से वंचित न रहे। उन्होंने अपने छात्र जीवन की कठिनाइयों को साझा करते हुए कहा कि अब परिस्थितियाँ बदल गई हैं। प्रदेश सरकार शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रभावी नीतियाँ लागू कर रही है, जिससे प्रदेश के विद्यार्थी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति लागू की गई है और सीएम राइज स्कूल का नाम बदलकर सांदीपनि स्कूल किया गया है, जिससे गुरु-शिष्य परंपरा को बढ़ावा मिलेगा। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा छात्रावास, छात्रवृत्ति, गणवेश, पाठ्य-पुस्तक, लैपटॉप और स्कूटी जैसी सुविधाएँ दी जा रही हैं। कक्षा 10वीं और 12वीं के ऐसे विद्यार्थी जो किसी कारणवश परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सके, उनके लिए पुन: प्रवेश की सुविधा दी गई है। उन्होंने अभिभावकों से की बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करें और बेटा-बेटी में भेदभाव न करें। प्रदेश सरकार द्वारा बेटियों के लिए कई ऐतिहासिक योजनाएँ चलाई जा रही हैं, जिससे वे शिक्षा प्राप्त कर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। मंत्री श्रीमती उइके को अपने बीच पाकर और उनसे पाठ्यपुस्तकें प्राप्त कर बच्चे काफी उत्साहित दिखे। मंत्री श्रीमती उइके ने बच्चों से संवाद किया। बच्चों ने भी उत्साहित होकर मंत्री से अपने मन की बात साझा की।

## सिंगरौली में भीषण आग: तीन एकड़ गेहूं की फसल जलकर खाक,किसानों को भारी नुकसान

सिंगरौली (आरएनएस)। जिले में गर्मी का सीजन शुरू होते ही खेत और खलिहानों में आग लगने की घटनाएं भी होने लगी हैं. शनिवार को चितरंगी के बगदरा गांव में गेहूं के खेत में आग लगने से देखते ही देखते तीन एकड़ से अधिक क्षेत्र में लगी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई है.

बताया जा रहा है कि खेतों में आग लगी. देखते ही देखते आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि चंद मिनटों में तीन एकड़ से अधिक क्षेत्र में लगी गेहूं की फसल को खाक कर दिया. खेत में लगी आग को बुझाने के लिए चितरंगी क्षेत्र में फायर वाहन न होने से लोगों को खासी मशक्कत करनी पड़ी.

गांव के लोग बाल्टी और मोटर पंप चालू कर किसी तरह से आग पर काबू पाने में सफल रहे, जिससे और फसल को नुकसान नहीं हुआ है. बताया जा रहा है कि बगदरा निवासी आनंद कुमार अग्रहरि ने अपने तीन एकड़ के खेत में गेहूं की बुवाई की थी. खेत में कटाई लगी हुई थी, दोपहर के समय लेबर घर चले गए और गेहूं के बोझे भी बंधे हुए रखे थे, जिनमें आग लगी तो वह धू-धूकर जलने लगे. खेत में आग कैसे लगी? यह अभी यह ज्ञात नहीं हो पाया है.

आनंद की मानें तो आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है. राहत की बात यह रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया वर्ना अगल-बगल के अन्य किसानों को भी नुकसान होता. जिस समय गेहूं के खेत में आग भड़की, उस समय हवा तेज चल रही थी,

खाद्य मंत्री राजपूत ने वेयरहॉउसिंग कॉर्पोरेशन की संचालक मंडल की बैठक में दिये निर्देश

## गोदामों के निरीक्षण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध करें सख्त कार्यवाही

भोपाल (आरएनएस) गोदामों का नियमानुसार निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन कराया जाये। इस कार्य में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें। उपार्जित खाद्यान्न के भंडारण के साथ ही शासकीय गोदामों में उपलब्ध रिक्त क्षमता के



उपयोग के लिये अन्य वैकल्पिक व्यवसाय प्राप्त करने के प्रयास करें। शासकीय गोदामों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने यह निर्देश मध्यप्रदेश वेयरहॉउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरशन की संचालक मंडल की बैठक में दिये।

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि निगम की वर्ष 2016 के बाद प्रतिवर्ष की जाने वाली भंडारण शुल्क दरें पुनरीक्षित नहीं की गई हैं। इस कार्य में देरी करने वाले तत्कालीन शाखा प्रभारी रहे महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों को नोटिस जारी करें। उन्होंने नियमानुसार 1 अप्रैल 2025 से नवीन दरें लागू करने की स्वीकृति भी दी।

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि निगम द्वारा प्रस्तावित नवीन बीमा पॉलिसी में पुरानी पॉलिसी में लागू प्रावधानों के साथ ही अन्य नुकसानों का अधिकतम कवरेज करने का भी प्रावधान करें। साथ ही नवीन पॉलिसी तत्काल लागू करने की कार्यवाही करें।

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि गोदामों में उपार्जित अनाज के भंडारण की समय-सीमा निर्धारित की जाये। मैकेनाईज्ड सीड सेग्रीगेशन मशीन का उपयोग सुनिश्चित करें। मशीनों की गुणवत्ता का भी परीक्षण कराया जाये। श्री राजपूत ने कहा कि निगम अंतर्गत निर्माण शाखा सहित अन्य शाखाओं में रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति की कार्यवाही जल्दी करें। वर्ष 2020-21 में निगम अंतर्गत धान के रखरखाव के लिये अधिकृत की गई कंपनी द्वारा बरती गई लापरवाही के कारण निगम को हुई आर्थिक क्षति की प्रतिपूर्ति कंपनी से सुनिश्चित की जाये। इसके लिये प्रचलित आर्बीटेशन प्रकरण में शासन का पक्ष मजबूती से रखें। स्थानांतरण नीति बनाने में विलंब नहीं करें। नियमानुसार दिव्यांग जनों की भर्ती प्रक्रिया समय-सीमा में पूरी करें। उन्होंने कहा कि केप पर भंडारण अति आवश्यक होने पर ही किया जाये। गोदामों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी के लिये निर्धारित मापदंड के साइन बोर्ड लगवायें। गोदामों की मरम्मत साफ-सफाई एवं रंग-रोगन प्रभावी ढंग से किया जाये। इन सुविधाओं के लिये वर्ष 2025-26 के बजट में राशि प्रावधानित करें।

## गुलामी का कोई चिन्ह भारत भूमि पर नहीं रहेगा -मिलिंद परांडे

इंदौर (आरएनएस)। 51 हजार युवाओं ने नशा मुक्त भारत बनाने का एवं भारत में बढ़ती जनसंख्या असंतुलन को संतुलित करने का तीन बच्चे का जन्म हिन्दू परिवार में हो ऐसा संकल्प लिया इंदौर के नेहरू स्टेडियम में बजरंग दल के हजारों कार्यकर्ताओं का एकत्रीकरण जगतगुरु स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती जी महाराज एवम संतों की गरिमामय उपस्थित में हुआ। इंदौर के पांच अलग-अलग स्थान चिमनबाग मैदान से इंदौर विभाग के कार्यकर्ता एम जी एम मेडिकल कॉलेज से शाजापुर विभाग के कार्यकर्ता होलकर कॉलेज ग्राउंड से खरगोन ,धार ,रतलाम विभाग के कार्यकर्ता इंदौर समाचार मैदान से उज्जैन,मंदसौर विभाग के कार्यकर्ता मोदी का भट्टा सवांद नगर से खण्डवा विभाग के कार्यकर्ता शौर्य यात्रा के रूप में हजारों कार्यकर्ता नेहरू स्टेडियम पहुंचे। भव्य सभा को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा कि - बड़ी चिंता का विषय है नशे से युवा पीढ़ी का प्रचंड नुकसान हो रहा है हमारी सफ्लता हमारा बल और हमारा शौर्य ओर जागरूकता से ही नशे को रोक सकता है।हमारे अनेकों व्यपार हिंदू समाज के हाथ से निकलते जा रहे हैं ।हर हिंदू अपनी संस्कृति का कार्यकर्ता बने अपने धर्म का कार्यकर्ता बने राष्ट्र का कार्यकर्ता बने।अपनी जाति भाषा प्रांत को भूलकर हम सब हिंदू एक है यह भावना होना चाहिए।

## स्कूल चलें हम अभियान के तहत मंत्री सुश्री भूरिया ने बच्चों को तिलक और पुष्प-माला पहनाकर शाला प्रवेश करवाया



भोपाल (आरएनएस) महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने झाबुआ जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालय देवझिरी पंडा में स्कूल चलें हम अभियान के तहत बच्चों को तिलक लगाकर और पुष्प-माला पहनाकर शाला प्रवेश करवाया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और हमें उन्हें बेहतर शिक्षा देकर एक सशक्त नागरिक बनाने की जिम्मेदारी उठानी होगी। सुश्री भूरिया ने कहा कि स्कूल चलें हम अभियान से न केवल बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव भी मजबूत हुई है। उन्होंने विद्यालय की दीवारों पर बच्चों के जनरल नॉलेज को बढ़ाने वाले चित्र एवं भारत का नक्शा अंकित करने के निर्देश दिये। मंत्री सुश्री भूरिया ने बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन किया और व्यवस्थाओं की सराहना की।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीणा ने बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि नियमित अध्ययन और अनुशासन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालय में टॉपर्स की सूची नोटिस-बोर्ड में लगायी जाये, जिससे विद्यार्थी प्रेरित हो सकें। इस अवसर पर कक्षा-1 से 8 तक के विद्यार्थियों को एनसीईआरटी की पाठ्य-पुस्तकें, स्कूल बैग एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गयी।

रेडी-टू-स्टे आश्रय का निर्माण होगा, चातुर्मास करने वालों के लिए विशेष प्रबंध करने के दिए निर्देश

## मंत्री पटेल की अध्यक्षता में नर्मदा परिक्रमा पथ और अन्य विषयों पर बैठक

भोपाल(आरएनएस) पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में नर्मदा परिक्रमा पथ के साथ ही अन्य विषयों पर विभागीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंत्री श्री पटेल ने अधिकारियों से नर्मदा परिक्रमा को ध्यान में रखकर रेडी टू स्टे आश्रय के निर्माण पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि करीब डेढ़ एकड़ में आश्रय का निर्माण किया जा सकता है, जिसमें पेड़ पौधे लगाने के साथ ही रुकने-ठहरने की अच्छी व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा सकती है। मंत्री श्री पटेल ने चातुर्मास करने वालों के लिए विशेष प्रबंध करने को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मदद के लिए स्वयं पहल करने वाले लोगों या समितियों को इसमें शामिल किया जा सकता है।

नर्मदा परिक्रमा पथ के चिन्हांकन के लिए इस बार पंचायत एवं ग्रामीण विकास




विभाग अत्याधुनिक तकनीक का सहारा ले रहा है। इसके लिए एक सॉफ्टवेयर का निर्माण किया गया है, जिसपर तङ्कुस की अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल किया गया है। मंत्री श्री पटेल ने इस सॉफ्टवेयर की तारीफ़ करते हुए कहा कि इसकी मदद से नर्मदा परिक्रमा आसान होगी और इसका प्रयोग ग्रे वॉटर मैनेजमेंट के साथ साथ विभाग की अन्य गतिविधियों में भी बहुत काम आयेगा।

नर्मदा परिक्रमा पथ के चिन्हांकन के लिए %सॉफ्टवेयर फॉर आइडेंटिफिकेशन एंड प्लानिंग ऑफ रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर% बनाया गया है।

इस सॉफ्टवेयर के जरिए नर्मदा पथ को चिन्हित करने का काम किया जाएगा। इस सॉफ्टवेयर में भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) की सभी आधुनिक तकनीकें शामिल की गई हैं। नर्मदा परिक्रमा पथ को लेकर विशेष प्रावधान रेडी टू स्टे आश्रय की व्यवस्था होगी। 7 लेयर की छत होगी, जिससे आश्रय स्थल को मजबूती मिलेगी। बल्ली, बांस, मिट्टी, रूफ फ्रेम गैप के लिए, रूफ फ्रेम, प्रोफाइल शीट, मिट्टी के खप्पड़ जैसी पांच लेयर से निर्मित की जाएगी छत मिट्टी और गोबर की छपाई और लेपन का उपयोग होगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री पटेल ने अधिकारियों को खेत तालाब पर फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले खेत तालाबों का निर्माण पूरा किया जाए, जिससे वॉटर रिचार्ज सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी, संस्कृति और पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव श्री शिवशेखर शुक्ला समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का त्योहार बेहद ही महत्वपूर्ण माना जाता है। 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी है और इसका समापन 7 अप्रैल को होगा। अगर आप कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं या फिर किसी शक्तिपीठ मंदिर का दर्शन करना चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए है। इस नवरात्रि के मौके पर आप भी मध्य प्रदेश को प्राचीन मंदिरों और शक्तिपीठों के बारे में बताने जा रहे हैं।



## किसानों की बात सुने

शंभ और खनौरी बॉर्डर से किसानों को हटा कर पुलिस ने तेरह महीनों से अवरोधित अमृतसर-अंबाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग खुलवा दिया। सीमा पर लगे सीमेंट के ब्लॉक, लोहे की कीलें, कंटीले तारों से लगाए गए ये अवरोधक हटाने में कड़ी मशक्कत की गई। किसानों के टेंट भी हटा दिए गए। पंजाब में अभी भी एक हजार से ज्यादा किसान हिरासत में हैं। सौ से ज्यादा प्रदर्शनकारी किसानों पर केस दर्ज कर उन्हें पटियाला जेल भेजा गया। सरकार की कार्रवाई से नाराज किसानों का पुलिस से टकराव भी हुआ। हालांकि पंजाब सरकार ने किसान नेताओं को बैठक के लिए बुलाया है। ता रहे हैं, बॉर्डर बंद होने का सीधा असर कारोबार पर पड़ रहा था। तेरह महीनों में कारोबारियों को दस हजार करोड़ रुपये का नुकसान होने का अंदाजा है। पिछले काफी समय से व्यापारी और उद्योगपति सरकार पर बॉर्डर खोलने का दबाव बना रहे थे। लुधियाना पश्चिम सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर भी राज्य सरकार पर दबाव था। यहां तमाम औद्योगिक इकाइयों में ताला पड़ा है और धंधा पूरी तरह ठप है। स्थानीय लोगों की आवाजाही पर तो असर है ही, बॉर्डर अवरोधकों के कारण लोगों को लंबी दूरी घूम कर संकरे रास्तों का इस्तेमाल करना पड़ रहा था जिससे आसपास के इलाकों का यातायात प्रभावित हो रहा था। ट्रांसपोर्टरों ने सीमा खुलने पर राहत की सांस ली है क्योंकि किराया बढ़ाने के बावजूद लागत निकालने में उन्हें खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। नाराज किसान इस कार्रवाई को केंद्र की मिलीभगत से हुई कार्रवाई बताते हुए इसे विश्वासघात कह रहे हैं। राज्य में बंदी के चलते सरकार को हर बार नब्बे करोड़ से अधिक के राजस्व से भी हाथ धोना पड़ा।

# संघ-भाजपा में तालमेल से जुड़े सुखद संकेत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 25 साल बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय के अंगने में पहुंचकर संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर में श्रद्धांजलि दी, जिससे संघ एवं भाजपा के बीच एक नई तरह की ऊर्जामयी सोच एवं समझ विकसित हुई है। एक नई प्राणवान ऊर्जा का सूरज उगा है, नये संकल्पों को पंख लगे हैं। संघ के सौ वर्ष पूरे करने के ऐतिहासिक अवसर पर मोदी ने सही कहा कि संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है, जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 34 मिनट की संबोधन में देश के इतिहास, भक्ति आंदोलन, इसमें संतों की भूमिका, संघ की नि:स्वार्थ कार्य प्रणाली, देश के विकास, युवाओं में धर्म-संस्कृति, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा, भाषा और प्रयागराज महाकुंभ की चर्चा करते हुए जहां नये बन रहे भारत की बानगी प्रस्तुत की, वही संघ की उपयोगिता एवं महत्व को चार-चांद लगाये। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की संघ के मुख्यालय की इस पहली यात्रा के गहरे निहितार्थ भी हैं तो दूरगामी परिदृश्य भी है। जो इस बात का संकेत है कि पिछले आम चुनाव के दौरान संघ व भाजपा के रिश्तों में जिस खटास को अनुभव किया गया था, वह संवाद, समझ, सकारात्मक सोच व संपर्क से दूर कर ली गई है। जो इस बात का भी संकेत है कि आने वाले वक्त में भाजपा व सरकार के अहम फैसलों में संघ की भूमिका बढ़ेगी, जिससे देश हिन्दू राष्ट्र के रूप में सशक्त होते हुए विश्व गुरु बनने के अपने संकल्प को पूरा कर सकेगा। वसुधैव कुटुम्बकम के भारत के उद्घोष को अधिक सार्थक करते हुए दुनिया के लिये एक रोशनी बनेगा।

यह सर्वविदित है कि मोदी भी संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। साथ ही वे संघ की रीति-नीतियों से भली-भांति परिचित हैं। लेकिन पिछले आम चुनाव के दौरान भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं के कुछ अतिश्योक्तिपूर्ण एवं अहंकारी बयानों से भाजपा का कद संघ से बड़ा बताने की कोशिशें हुई थी, जिसके चलते संघ व भाजपा के रिश्तों में कुछ कसक एवं खटास देखी गई। जिसका असर लोकसभा चुनाव में चार सौ पार के लक्ष्य पर पड़ा, उसके मूल में संघ कार्यकर्ताओं की उदासीनता रही है। बाद में दोनों के रिश्ते सामान्य होने के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जो आशातीत सफलता हाथ लगी, कहा जा रहा था कि उसमें संघ कार्यकर्ताओं का समर्पण व सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण घटक रहा। अब संघ मुख्यालय में प्रधानमंत्री की यात्रा से यह तथ्य भी उजागर हुआ कि दोनों की रीतियों-नीतियों फिर से बेहतर तालमेल स्थापित हुआ है। इसका असर आने वाले दिनों में भाजपा अध्यक्ष के चुनाव में संघ की भूमिका को लेकर देखने को मिलेगा, ऐसा ही असर बदलते वक्त के साथ पार्टी के अन्य फैसलों पर भी नजर आ सकता है। आने वाले समय में भाजपा के लिये संघ का सहयोग पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में अपनी जमीन मजबूत करने एवं जड़े जमाने में मील का पत्थर साबित होगा। इन राज्यों में संघ अपनी आधार भूमि को विस्तार दे रहा है। यानी दोनों अब सामंजस्य, सहयोग व सहजता के साथ आगे बढ़ेंगे। अर्थात भाजपा अब अपने वैचारिक एवं ऊर्जा स्रोत के साथ बेहतर तालमेल करके चलना चाहेगी। मोदी की नागपुर यात्रा के अनेक शुभ संकेत देखे जा रहे हैं, इसको औरंगजेब, राणा सांगा, संभल विवाद के बीच हिन्दुत्व की राजनीति को नई धार देने की कोई योजना के साथ जोड़कर भी देखा जा रहा है, नरेन्द्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की इस मुलाकात को 2029 के चुनावों की कोई नई पटकथा तैयार करने की पृष्ठभूमि में भी देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी के संघ मुख्यालय के दौरे पर जहां विपक्ष बौखला रहा है वहीं इस यात्रा ने संघ के भीतर भी कई लोगों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। मोदी दीक्षाभूमि भी गए, जहां डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। उन्होंने दीक्षाभूमि की सामाजिक न्याय और दलितों को सशक्त बनाने के प्रतीक के रूप में सराहना करते हुए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के सपनों के भारत को साकार करने के लिए और भी अधिक मेहनत करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरा कर सबका दिल जीत लिया। मोदी की ओर से नागपुर में अपने संबोधन के दौरान संघ की भरपूर प्रशंसा को अपने वैचारिक मार्गदर्शक के प्रति भाजपा के रुख में आये बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। मोदी ने संघ की 'राष्ट्र निर्माण और विकास में रचनात्मक भूमिका' को रेखांकित करके अपनी '2047 तक विकसित भारत' की योजनाओं में संघ की भूमिका के महत्व को भी दर्शाया है।

## कृषि क्षेत्र में करवट बदलता भारत

भारत में लगभग 60 प्रतिशत आबादी आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और अपनी आजीविका के लिए कृषि क्षेत्र पर निर्भर है। जबकि, कृषि क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान केवल 18 प्रतिशत के आस पास बना हुआ है। इस प्रकार, भारत में यदि गरीबी को जड़ मूल से नष्ट करना है तो कृषि के क्षेत्र में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों को लागू करना ही होगा। भारत ने हालांकि आर्थिक क्षेत्र में पर्याप्त सफलताएं अर्जित की हैं और भारत आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है तथा शीघ्र ही अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही, भारत आज विश्व में सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था भी बन गया है। परंतु, इसके आगे की राह अब कठिन है, क्योंकि केवल सेवा क्षेत्र एवं उद्योग क्षेत्र के बल पर और अधिक तेज गति से आगे नहीं बढ़ा जा सकता है और कृषि क्षेत्र में आर्थिक विकास की दर को बढ़ाना होगा। भारत में हालांकि कृषि क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रम लागू किए गए हैं और भारत आज कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गया है। परंतु, अभी भी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। किसानों के पास पूंजी का अभाव रहता था और वे बहुत ऊंची ब्याज दरों पर महाजनों से ऋण लेते थे और उनके जाल में जीवन भर के लिए फंस जाते थे, परंतु, आज इस समस्या को बहुत बड़ी हद्द तक हल किया जा सका है और किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसान को आसान नियमों के अंतर्गत बैकों से पर्याप्त ऋण की सुविधा उपलब्ध है और इस सुविधा का लाभ आज देश के करोड़ों किसान उठा रहे हैं। दूसरे, इसी संदर्भ में किसान सम्मान निधि योजना भी किसानों के लिए बहुत लाभकारी सिद्ध हो रही है और इस योजना का लाभ भी करोड़ों किसानों को मिल रहा है। इससे किसानों की कृषि सम्बंधी बुनियादी समस्याओं को दूर करने के सफलता मिली है।

## कन्याओं का पूजिये भी, आत्मसुरक्षा भी सिखाइए

रविवार से चैत्र नवरात्र शुरू हो गए हैं। नवरात्र में अधिकांश हिंदू परिवार घर में मां के कलश की स्थापना करते हैं। इन नौ दिन उपवास रखकर देवी के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है। देवी स्परुपा कन्याओं को पूजा जाता है। उन्हें जिमाया जाता है। वस्त्रादि भेंट किए जाते हैं। ये परंपरा सदियों से चली आ रही है। सदियों से चली आ रही इस परम्परा में वक्त के हिसाब से अब सुधार की जरूरत है। आज जरूरत है कि हम कन्याओं को पूजे और जिमाएं ही नहीं। उन्हें शिक्षित भी करें। उन्हें आज के समय और परिस्थिति में जीने के अनुकूल बनाए। आत्मसुरक्षा भी सिखाए। उन्हें गुड टच और बेड टच से अवगत भी कराएं। कन्याओं को आज के समाज में शान और सम्मान के साथ जीने के योग्य बनाएं। ज्यादती के खिलाफ बोलना भी बताएं। ज्यादती का मुकाबला भी करना सिखाएं। नवरात्र देश भर में अलग-अलग रूप में मनाए जाते हैं। पूजा अर्चन की जाती है। सबका तात्पर्य यह ही है कि देवी शक्ति की पूजा कर हम उनसे अपने और समाज के कल्याण का आशीर्वाद मांगे। स्वस्थ समाज की मांग करें। ये सब कुछ सदियों से चला आ रहा है। आज समय की मांग है कि हम आगे बढ़े। वक्त की जरूरत के साथ परिवर्तन करें। आज देश की देवियां, महिलाएं, मातृशक्ति विकास के हर क्षेत्र में अपना योगदान कर रही हैं। कार तो बहुत समय से चलाती रही हैं। अब ये आटो, ट्रक, ट्रेन, मालगाड़ी भी चलाने लगीं हैं। ये प्लेन उड़ा रही हैं। अब तो सेना में जाकर बार्डर की हिफाजत भी महिलाएं कर रही हैं। आधुनिकतम लड़ाकू विमान भी उड़ा रहीं हैं। उन्हें नियंत्रित भी कर रही हैं। कभी गाना, बजना, नाचना महिलाओं की कला मानी जाती थी। उसमें उन्हें पारंगत करने के साथ-साथ पुराने समय से परिवार की बेटियों को सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, अनाज पिसाई, छनाई के साथ घर के कामकाज भोजन बनाने में आदि में निपुण किया जाता था। ताकि वह समय की जरूरत के हिसाब के शादी के बाद अपने परिवार को संभाल सकें। इस समय शिक्षा पर उतना जोर नही था। परिवार की जरूरतें बढ़ी तो पढ़ी - लिखी महिलाएं घर की चाहरदीवारी से निकलीं। नौकरी करने लगीं। बिजनेस में परिवार को सहयोग देने लगीं। समय बदला। महिलाएं आज शिक्षित हो सभी क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। नौकरी के लिए अकेली युवती का विदेश जाना अब आम हो गया। पैरा मिलेट्री फोर्सेज में योगदान करने के साथ आज वह सेना में आकर देश सीमाओं को सुरक्षित बनाने और शत्रु से लोहा लेने में भी लगी हैं। समय के साथ-साथ समाज की प्राथमिकताएं भी बदलीं। नहीं बदला तो महिलाओं और युवतियों के शोषण का सिलसिला। भारतीय समाज में फैली दहेज की कुप्रथा के कारण गर्भ में ही बालिका भ्रूण मारे जाने लगे। परिवार में ही आसपास ने नाते, रिश्तेदारों और अन्यों द्वारा छुटपन से बेटियों के साथ छेड़छाड़, यौन शोषण चलता रहा। देश में चेतना आई, शिक्षा का स्तर बढ़ा पर महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध कम नहीं हुए। हाल ही में राष्ट्रीय महिला आयोग ने सूचित किया कि वर्ष 2021 के प्रारंभिक आठ महीनों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की शिकायतों में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 46 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## माँ दुर्गा के नौ रूप जीवन के विभिन्न पहलुओं की प्रदान करते हैं शिक्षा

भारत में नवरात्रि का पर्व विशेष रूप से शक्ति पूजा के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व विशेष रूप से माता दुर्गा की उपासना के लिए समर्पित होता है, जो शक्ति, साहस और निडरता की प्रतीक हैं। नवरात्रि के दौरान माता दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। इन नौ रूपों को नौ दुर्गाएँ या नौ रूप कहा जाता है, जो प्रत्येक दिन के लिए निर्धारित होते हैं। हर रूप में माँ की एक विशेषता और गुण होते हैं, जो भक्तों के जीवन में समृद्धि, शक्ति और सुख की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

माँ दुर्गा के ये नौ रूप जीवन के विभिन्न पहलुओं की शिक्षा भी प्रदान करते हैं। प्रत्येक रूप में छिपी हुई शक्ति, साहस, तपस्या, और मातृत्व की गहरी शिक्षा हमें सकारात्मक दिशा में मार्गदर्शन देती है। नवरात्रि का यह पर्व हमें शुद्धता, तप, साहस और विश्वास का संदेश देता है, जिससे हम अपने जीवन में हर मुश्किल का सामना कर सकें और आंतरिक शक्ति से भरपूर हो सकें। माँ दुर्गा के नौ रूपों का वर्णन इस प्रकार है-

## प्रदूषण की विकट होती समस्या

अखिलेश आर्येन्दु

प्रदूषण की विकट होती समस्या के समाधान के लिए विश्व स्तर पर रिसर्च, प्रयोग, अध्ययन और उनसे निकले निष्कषरे पर दुनिया के तमाम देशों में कार्य हुए हैं, लेकिन समाधान की दिशा में प्रयास अभी भी नाकाफी हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि सदी के अंत तक पर्यावरण प्रदूषण और धरती के बढ़ते तापमान से ताल्लुक रखने वाली तमाम समस्याओं को पूरी तरह खत्म करना मुमकिन नहीं है। धरती के तापमान को 2 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा होने से रोकने के मद्देनजर कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को सीमित करने की सहमति पर पहली बार 2016 के जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में सम्मेलन में बनी थी।

वैज्ञानिक कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा हटाने के लिए धरती की सतह पर चट्टानों के रासायनिक विघटन के जरिए हवा से कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा को स्वाभाविक रूप से हटाना जरूरी कहते हैं। 2016 में लेवरहुल्मे सेंटर फॉर क्लाइमेंट चेंज मिटिगेशन के निदेशक डेबिड बियरलिंग दे एक खेती तकनीक विकसित करने के बारे में बात की थी। इससे फसलों को फायदा पहुंचने की बात भी की गई। हवा से कार्बन डाइऑक्साइड सोख कर उसका बेहतर इस्तेमाल करने की यह नई पहल पहली बार बड़े स्तर पर की गई थी। अमेरिका में हर साल 7 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड की खपत होती है। इसी तरह कैलिफोर्निया के ट्रेसी शहर में एक विशाल नये गोदाम के अंदर भूरे रंग के पाउडर से भरी ट्रे के ऊंचे-ऊंचे टावर लगे हुए हैं जो देखने में बहुत सुंदर लगते हैं। हीरामूल कंपनी के जरिए ये टावर लगाए गए हैं। ये हवा से कार्बन डाइऑक्साइड सोखने का कार्य करते हैं। चूना पत्थर का इस्तेमाल करके हवा से कार्बन डाइऑक्साइड को सीधे हवा से हटाने और इसे गहराई से संग्रहीत करने कर पर्यावरण प्रदूषण हटाया जाता है। दुनिया के कई देशों में कार्बन डाइऑक्साइड हवा से हटाने और इसका बेहतर उपयोग कर कई तरह के निर्माण के कार्य किए जा रहे हैं।

दुनिया के वैज्ञानिकों और राज नेताओं ने इस तरह के सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य को अहमियत दी है। इस कार्य में निजी और सरकारी, दोनों स्तरों पर कोशिशें की जा रही हैं। इसी तरह स्विस कंपनी इन्शिोर के जरिए जिस यांत्रिक पेड़ का निर्माण हुआ है, वह कार्बन डाइऑक्साइड सोखने की दिशा में कारगर माना जा रहा है। 2022 से ही इस कंपनी का यह संयंत्र काम कर रहा है। उत्तरी सागर में समुद्र तल से एक मिलोमीटर नीचे, ऊर्जा का कंपनी इनिशेर 1996 से एक गैस प्रसंस्करण संयंत्र कार्बन डाइऑक्साइड को संग्रहीत कर रही है।

## लक्ष्मी पंचमी पर इस विधि से करें मां लक्ष्मी की पूजा, धन-धान्य की नहीं होगी कमी

हिंदू धर्म में लक्ष्मी पंचमी के व्रत का विशेष महत्व माना जाता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को लक्ष्मी पंचमी का व्रत किया जाता है। चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि को लक्ष्मी पंचमी कहा जाता है। इस दिन मां लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजन किया जाता है और व्रत किया जाता है। इस दिन मां लक्ष्मी का पूजन करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और उनके आशीर्वाद से घर में धन-धान्य की कभी कमी नहीं होती है। तो आइए जानते हैं लक्ष्मी पंचमी का शुभ मुहूर्त, पूजन विधि और नियम के बारे में... हिंदू पंचांग के मुताबिक 02 अप्रैल की रात 02ः32 मिनट से चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि की शुरूआत होती है। वहीं 02 अप्रैल की रात 11ः49 मिनट पर इस तिथि की समाप्ति होगी। ऐसे में उदयातिथि के हिसाब से 02 अप्रैल को लक्ष्मी पंचमी का व्रत किया जा रहा है। इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि कर स्वच्छ कपड़े पहनें। फिर पूजा स्थल की साफ-सफाई करें

## चिंता का विषय है किसानों की आत्महत्या

प्रो. लल्लन प्रसाद

संख्या में किसान और खेतिहर मजदूर देश के विभिन्न राज्यों में प्रति वर्ष आत्महत्या करते हैं, अन्य पेशों की अपेक्षा आत्महत्या करने वालों में उनकी संख्या अधिक होती है। यद्यपि यह विव्यापी समस्या है किंतु भारत जैसे देश, जहां आधी से अधिक आबादी कृषि पर निर्भर है, में यह चिंता का विषय है। किसानों द्वारा आत्महत्या की घटनाएं सबसे अधिक महाराष्ट्र में होती हैं, जो संपन्न राज्य है, आंध्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और पंजाब में भी आत्महत्या के अधिक मामले सामने आते हैं।

आजादी के 75 वर्ष बाद भी छोटे और मार्जिनल किसानों को अर्थव्यवस्था में विकास का लाभ बड़े किसानों की अपेक्षा कम मिला। अधिकांश छोटे किसान कर्ज में डूबे होते हैं, प्राकृतिक आपदाओं से फसल के नुकसान को बर्दाश्त करने में असफल होते हैं, आमदनी इतनी नहीं होती कि घर के खर्चे पूरे कर सकें, शादी- ब्याह और त्योहारों, बच्चों की शिक्षा और परिवार के स्वास्थ्य के खर्चे निकाल सकें, जीवन सुख से बिता सकें। गांवों में पिछड़ों और दलितों की स्थिति तो और भी नाजुक है।

खेती की बढ़ती लागत, सिंचाई की खराब व्यवस्था, महंगे रासायनिक उर्वरकों का उपयोग, नशाखोरी भी उनकी समस्याओं को बढ़ाते हैं। आत्महत्या का सबसे बड़ा कारण मानसिक तनाव होता है जो फसल बर्बाद होने और पारिवारिक समस्याओं के कारण सबसे अधिक होता है। 1990 से शुरू आर्थिक सुधारों के फलस्वरूप निवेश औद्योगिक, वित्तीय और व्यावसायिक क्षेत्रों में अधिक होने लगा। कृषि गौण हो गई, शहरीकरण में तेजी आई, गांव पीछे रह गए। संसद और विधायिकाओं में गांव के प्रतिनिधियों की अधिकता के बावजूद छोटे किसानों और कृषि मजदूरों की हालत में खास सुधार नहीं हुआ। बड़े किसानों को लाभ हुआ, उनकी सरकार में भागीदारी बढ़ी, पॉलिटिकल पावर भी।

किसानों का नेतृत्व भी उन्हीं के हाथ में चला गया जो अब तक बरकरार है। कृषि उत्पादन का व्यापार उनके नियंत्रण में है, सरकार द्वारा कृषि कानूनों में सुधार, जो छोटे किसानों को लाभ दे सकता था, ठंडे बस्ते में रह गया। हरित क्रांति 1960 के दशक में हुई, खेती की पैदावार में अच्छी बढ़ोतरी हुई, किंतु खेती की लागत भी बढ़ती गई, कृषि उत्पादों की कीमत अपेक्षाकृत कम बढ़ी, क्रांति का बड़ा लाभ धनी किसानों को हुआ जिनके पास बड़े-बड़े खेत थे, छोटे किसान फिर भी मार्जिन पर ही रह गए।

1990 के दशक से किसानों की आत्महत्या की घटनाएं अधिक रिपोर्ट की गई। 1995-2013 के बीच 296438 किसानों ने आत्महत्या की। 2018 तक यह संख्या चार लाख के ऊपर पहुंच गई थी, प्रति दिन औसतन 48 आत्महत्या की घटनाएं रिपोर्ट की गई। 2017-21 के बीच 286000 आत्महत्या की घटनाएं हुई जिनमें 55 प्रतिशत किसानों द्वारा की गई थीं। नेशनल क्राइम ब्यूरो के अनुसार 2022 में 11290 किसानों और कृषि मजदूरों द्वारा आत्महत्या की रिपोर्टे आई। 2021 की अपेक्षा यह 3.7त्न व 2020 की अपेक्षा 5.7त्न अधिक था। 2020-22 में देश के दो तिहाई हिस्से में सूखा पड़ गया था, अत्यधिक गर्म हवाओं के कारण तापमान में और वृद्धि हो गई थी। फलस्वरूप गेहूं, फल-सब्जियों की पैदावार में कमी हुई। चारे के दामों में वृद्धि, पशुओं में बीमारी और मृत्यु से किसानों को और भी धक्का लगा। प्याज और टमाटर जैसी फसलों का बंपर उत्पादन भी कई बार किसानों के लिए मुसीबत बन जाता है। कीमतें गिर जाती हैं, फसल फेंकने तक की नौबत आ जाती है।

ऐसे समय में आत्महत्या की घटनाएं बढ़ जाती हैं। महाराष्ट्र सरकार ने 2008 में मनी लेंडिंग रेग्युलेशन एक्ट पास किया था। इसका उद्देश्य था साहूकारों द्वारा भारी ब्याज और उगाही के तरीकों पर नियंत्रण करना। किसानों को आपदा से बचाने के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा उठाए गए कदम प्रभावशाली नहीं रहे। इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ डवलपमेंट रिसर्च द्वारा महाराष्ट्र में भारी संख्या में किसानों द्वारा आत्महत्या के मुख्य कारण थे-किसानों पर कर्ज, कम आमदनी, मौसम की मार, सूखा आदि से फसलों की बर्बादी, पारिवारिक समस्याएं जैसे बीमारी, लड़कियों की शादी में दहेज, शिक्षा की कमी आदि। पूर्वोत्तर के राज्यों, उत्तर प्रदेश और बिहार, हरियाणा, केंद्रशासित चंडीगढ़, पांडिचेरी और लक्षद्वीप में किसानों द्वारा आत्महत्या की कम घटनाएं आती हैं। कृषि क्षेत्र में आत्महत्या रोकने के जो प्रयास अब तक किए गए हैं, वे आधे-अधूरे हैं। किसानों की आमदनी जब तक इतनी नहीं होती कि अपना जीवन यापन ठीक से कर सकें, इस स्थिति में बदलाव संभव नहीं है। चुनाव के समय राजनीतिक पार्टियां किसानों के कर्ज माफ करने और उनको जो सुविधाएं देने का वादा करती हैं, चुनाव बाद उन्हें भूल जाती हैं।

केंद्र सरकार की कुछ योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचा है इसमें संदेह नहीं किंतु इनमें से अधिकांश योजनाओं का लाभ बड़े किसानों को अधिक हुआ है। किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना, उर्वरक पर नीमकोटि, लघु सिंचाई योजनाएं किसानों के लिए लाभप्रद हैं। गांव में सड़क, बिजली स्वच्छ पेयजल,शौचालय आदि की व्यवस्था भी किसानों के जीवन स्तर को उठाने में कारगर हुई हैं किंतु कृषि और ग्रामीण विकास के लिए जो बजट आवंटन केंद्र और राज्य सरकारें करती हैं, वह आवश्यकता से बहुत कम है। किसानों के लिए प्रधानमंत्री की मानदेय योजना अच्छी है किंतु इसमें दिए जाने वाली राशि ?6000 वर्ष की है जो बढ़ाई जानी चाहिए। प्राकृतिक आपदाओं और मौसम की मार से जब भी फसलों को नुकसान होता है राज्य और केंद्र सरकारों की जिम्मेदारी बनती है कि तुरंत किसानों को नुकसान की भरपाई की जाए। किसानों को उनके उत्पाद का पूरा पैसा नहीं मिलता, कृषि पदार्थोंकी कीमत औद्योगिक पदार्थोंके मुकाबले बहुत कम है, जो औद्योगिक क्रांति की देन है, यह विव्यापी समस्या है। खाद्यान्नों के अच्छे उत्पादन के बल पर ही सरकार के लिए संभव है कि 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है, दूसरे देशों को भी निर्यात किया जाता है। किसानों की आय दुगनी करने के लिए सरकार ने जो वादे किए हैं, उनको अमल में लाने की आवश्यकता है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि- कार्यक्षेत्र में आज आपको काफी हद तक सफलता हासिल होगी। आज का दिन कुछ मिले-जुले प्रभाव वाला रहने वाला है। कुछ समय से चल रही किसी उलझन से आज आपको राहत मिलेगी।

वृष राशि- आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है। आज आपको पहले किये गये कार्यों से पॉजीटिव रिजल्ट मिलेगा। आज आप जीवन की वास्तविकता को समझेंगे तथा किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपना मनोबल बनाए रखेंगे।

मिथुन राशि- आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पारिवारिक रखरखाव तथा सुधार संबंधी कार्यों में बीतेगा । घर के सभी सदस्य आपस में बैठकर एक दूसरे से अपने विचार साझा करेंगे ।

कर्क राशि- आज बच्चों को करियर के मामले में खुशखबरी मिलेगी। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं उन्हे, उनके कार्यो के लिए वाहवाही मिलेगी।

सिंह राशि- आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा । आज दोस्तों के साथ फोन पर बात कर के समय बितायेंगें। आज आपके व्यवसाय में स्थिति पहले जैसी ही रहेगी।

कन्या राशि- आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्यों को पूरा करने में रहेगा।आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी। आज किसी भी प्रकार की दुविधा होने पर परिवारजनों का सहयोग आपको निर्णय लेने में मदद कर सकता

तुला राशि- आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। पिता अपके बिजनेस में आपका सहयोग करेंगें। आज मन मुताबिक काम बनने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

वृश्चिक राशि- आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। आज आपकी कार्यप्रणाली में सुधार आएगा।

धनु राशि- आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगें। आज अनुभवी लोगों के सानिध्य में रहने का अवसर मिलेगा।

मकर राशि- आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। आज आपकी दैनिक आय पहले से कुछ बेहतर होगी । किसी भी नए काम को शुरू करने में जल्दबाजी ना करें । इस राशि के युवाओं को करियर संबंधी शुभ समाचार मिलने के योग हैं।

कुंभ राशि- आज का दिन शानदार रहने वाला है। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगों को आज बड़ा मुनाफा होगा । आज बच्चों के समक्ष आप श्रेष्ठ अभिभावक साबित होंगे। अपने कामों से संबंधित नीतियों पर सोच-विचार करने से आप सकारात्मक परिणाम हासिल करेंगे।

मीन राशि- आज का दिन खुशियां लेकर आया है। बिजनेस में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका विशेष योगदान रहेगा।



लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने वक्फ संशोधन विधेयक पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि क्या अल्पसंख्यक मंत्रालय ने ये बिल बनाया है, या किसी और विभाग ने बनाया है? ये बिल कहाँ से आया? आज देश में अल्पसंख्यकों की हालत ऐसी हो गई है कि आज सरकार को उनके धर्म का सर्टिफिकेट देना पड़ेगा। क्या वो दूसरे धर्मों से सर्टिफिकेट मांगेंगे कि आपने पाँच साल पूरे किए हैं या नहीं? इस बिल में ऐसा क्यों पूछा जा रहा है? सरकार धर्म के इस मामले में क्यों दखल दे रही है।

# सांप्रदायिक, बलपूर्वक एजेंडा, सोनिया गांधी ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर मोदी सरकार पर बोला हमला

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष और सांसद सोनिया गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि वह देश के शैक्षिक ढांचे को कमजोर कर रही है।

उनके मुताबिक सरकार नुकसानदेह नतीजों की ओर ले जाने वाले एजेंडे पर चल रही है।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा द्वारा साझा किए गए एक अखबार के लेख में उन्होंने कहा है कि आज भारतीय शिक्षा को %3सी% का सामना करना पड़ रहा है - केंद्रीकरण, कमर्शियलाइजेशन और कम्युनिलिज्म। सोनिया गांधी ने कहा कि सरकार समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाले अनुदान को रोककर राज्य सरकारों को मॉडल स्कूलों की पीएम-श्री योजना को लागू करने के लिए मजबूर कर रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की आलोचना करते हुए, वह लेख में कहती हैं, हाई-प्रोफाइल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की शुरुआत ने एक ऐसी सरकार की वास्तविकता को छिपा दिया है जो भारत के बच्चों और युवाओं की शिक्षा के प्रति बेहद उदासीन है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की आलोचना करते हुए, उन्होंने लेख में कहा, हाई-प्रोफाइल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की शुरुआत ने एक ऐसी सरकार की वास्तविकता को छिपा दिया है, जो भारत के बच्चों और युवाओं की शिक्षा के प्रति बेहद उदासीन है। पिछले एक दशक में केंद्र सरकार के ट्रैक रिकॉर्ड ने स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया है कि शिक्षा में, यह केवल तीन मुख्य एजेंडा के सफल कार्यान्वयन से चिंतित है- केंद्र सरकार के साथ सत्ता का केंद्रीकरण, निजी क्षेत्र में शिक्षा में निवेश का व्यावसायीकरण और आउटसोर्सिंग, पाठ्यपुस्तकों, पाठ्यक्रम और संस्थानों का सांप्रदायिकरण।

उनका कहना है कि केंद्रीकरण के सबसे हानिकारक परिणाम शिक्षा के क्षेत्र में हुए हैं। केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड, जिसमें केंद्र और राज्य दोनों सरकारों के शिक्षा मंत्री शामिल हैं, सितंबर 2019 से नहीं बुलाई गई है। उन्होंने सरकार पर राज्यों से परामर्श न करने और उनके विचारों पर विचार न करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, एनईपी 2020 के माध्यम से शिक्षा में प्रतिमान बदलाव को अपनाने और लागू करने के दौरान भी, केंद्र सरकार ने इन नीतियों के कार्यान्वयन पर एक बार भी राज्य सरकारों से परामर्श करना उचित नहीं समझा। यह सरकार की जिद का प्रमाण है कि वह अपने अलावा किसी और की आवाज नहीं सुनती, यहां तक कि ऐसे विषय पर भी जो भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में है। उन्होंने कहा कि संवाद की कमी के साथ-साथ धमकाने की प्रवृत्ति भी बढ़ी है और उन्होंने इसके लिए पीएम-श्री (या पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) योजना का उदाहरण दिया।

सोनिया गांधी ने केंद्र पर शिक्षा प्रणाली के व्यावसायीकरण का भी आरोप लगाया है, उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से एनईपी के अनुपालन में खुलेआम हो रहा है।

उन्होंने कहा, 2014 से, हमने देश भर में 89,441 सरकारी स्कूलों को बंद और समेकित होते देखा है और 42,944 अतिरिक्त निजी स्कूलों की स्थापना की गई है। देश के गरीबों को सरकारी शिक्षा से बाहर कर दिया गया है और उन्हें बेहद महंगी तथा कम विनियमित निजी स्कूल व्यवस्था के हाथों में धकेल दिया गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि उच्च शिक्षा में केंद्र ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ब्लॉक अनुदान की पूर्ववर्ती प्रणाली के स्थान पर उच्च शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी (हेफा) की शुरुआत की है।

उन्होंने लिखा, विश्वविद्यालयों को हेफा से बाजार ब्याज दरों पर ऋण लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसे उन्हें अपने स्वयं के राजस्व से चुकाना होगा। अनुदान की मांग पर अपनी 364वीं रिपोर्ट में, शिक्षा पर संसदीय स्थायी समिति ने पाया कि इन ऋणों का 78त्न से 100त्न हिस्सा विश्वविद्यालयों द्वारा छात्र शुल्क के माध्यम से चुकाया जा रहा है। दूसरे शब्दों में, सार्वजनिक शिक्षा के वित्तपोषण से सरकार के पीछे हटने की कीमत छात्रों को फीस वृद्धि का सामना करना पड़ रहा है।



नोएडा में कूलर बनाने वाली कंपनी एकटेक 3 में भीषण आग लगने से धुआं निकलने लगा।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हिसार में पूर्व मंत्री ओ.पी. जिंदल की पुण्यतिथि पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण और अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में 30 बिस्तरों वाली आईसीयू यूनिट का उद्घाटन किया.

## सरकार मैं खुद हूं, कोई शिकायत नहीं, कांग्रेस में संगठन नहीं, सिर्फ राहुल गांधी हैं - अनिल विज

करनाल (आरएनएस)। हरियाणा सरकार में मंत्री अनिल विज अपनी बेबाक बयानबाजी और समय-समय पर सरकार के साथ नाराजगी को लेकर हमेशा सुर्खियों में बने रहते हैं। लेकिन, अब उन्होंने खुद साफ कर दिया है कि उनका किसी से कोई गिला-शिकवा नहीं है। उन्होंने कहा कि वह खुद सरकार हैं और मंत्री होते हुए उनकी कोई भी शिकायत का सवाल ही नहीं उठता।

कर्ण लेक पर रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए अनिल विज ने कई अहम मुद्दों पर अपनी राय दी। गन कल्चर पर बात करते हुए उन्होंने इसे गलत बताया और कहा कि समाज में विकार आ रहे हैं। विज ने कहा कि हथियारों का प्रदर्शन समाज में हिंसा और डर का माहौल बनाता है, जिसे खत्म किया जाना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर लगाए जा रहे कयासों पर अनिल विज ने कहा कि यह केंद्रीय नेतृत्व का मामला है और इस पर उनका कुछ कहने का अधिकार नहीं है। यह फैसला पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा और वह इस पर टिप्पणी करने के लिए अधिकृत नहीं हैं।

ईडी की कार्रवाई को लेकर अनिल विज ने रॉबर्ड वाड्रा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कुछ गलत हुआ होगा तभी ईडी की जांच हो रही है। ईडी उन्हीं लोगों की जांच करती है, जिन्होंने गलत काम किया हो। यह जांच होने से निश्चित रूप से तकलीफ होती है, लेकिन यह व्यवस्था का हिस्सा है।

राहुल गांधी द्वारा कुंभ मेले में भाग न लेने पर वाड्रा के बयान पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अपने आप को क्या समझते हैं? उन्होंने कहा कि जहां अन्य सभी मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री भी गए, वहां राहुल गांधी का न जाना समझ से परे है। उनका रवैया यह दर्शाता है कि वह स्वयं को दूसरों से कहीं ऊपर मानते हैं।

कांग्रेस के प्रदेश स्तर पर संगठन नहीं बनने को लेकर अनिल विज ने कहा कि संगठन बनाने के लिए एक से अधिक व्यक्ति का होना जरूरी होता है। कांग्रेस में ऊपर से नीचे तक एक ही नेता है और वह नेता राहुल गांधी हैं। इसी वजह से कांग्रेस में प्रदेश स्तर पर कोई संगठन नहीं बन पा रहा है।

हरियाणा में नेता प्रतिपक्ष का चुनाव न होने पर भी अनिल विज ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उनका कहना था कि कांग्रेस पार्टी निर्णय सही तरीके से लेने की स्थिति में नहीं है, और इस कारण वे नेता प्रतिपक्ष का चुनाव नहीं कर सके हैं। बजट सत्र पर अनिल विज ने कहा कि सभी को विधानसभा में अपना पक्ष रखने का अवसर मिला है और यह स्वस्थ प्रजातंत्र का प्रतीक है। उन्होंने यमुनानगर में 800 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने की योजना का भी जिक्र किया। इसके अलावा, खेदड में भी एक और प्लांट लगाने की तैयारी चल रही है। विज ने कहा कि बिजली की खपत बढ़ने के कारण बिजली उत्पादन को बढ़ाया जा रहा है, ताकि लोगों को कोई दिक्कत न हो। इसके लिए बाहर से बिजली खरीदनी पड़ती है, जो महंगी होती है। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में अनिल विज ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

## महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा को फिल्म ऑफर करने वाले डायरेक्टर अरेस्ट, रेप केस में हुई गिरफ्तारी

मुंबई (आरएनएस)। महाकुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा को अपनी फिल्म में लेने का ऐलान करने वाले डायरेक्टर सनोज मिश्रा को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनकी गिरफ्तारी रेप के एक मामले में हुई है। दिल्ली हाई कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद दिल्ली के नबी करीम थाना पुलिस ने उन्हें पकड़ा है। सनोज मिश्रा पर आरोप है कि उन्होंने हीरोइन बनने की चाह रखने वाली एक युवती के साथ कई बार बलात्कार किया। पीड़िता के अनुसार, उनकी मुलाकात सनोज मिश्रा से साल 2020 में टिकटॉक और इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। उस समय वह झांसी में रहती थीं। कुछ समय तक दोनों के बीच बातचीत चलती रही, जिसके बाद डायरेक्टर ने 17 जून 2021 को उन्हें फोन करके झांसी रेलवे स्टेशन पर आने को कहा। जब पीड़िता ने सामाजिक दबाव का हवाला देते हुए मिलने से इनकार कर दिया, तो आरोपी सनोज मिश्रा ने आत्महत्या करने की धमकी दी। डर के कारण पीड़िता उनसे मिलने चली गईं। अगले दिन, 18 जून 2021 को आरोपी ने फिर फोन किया और आत्महत्या की धमकी देकर उन्हें रेलवे स्टेशन पर बुलाया। आरोप है कि वहां से आरोपी उन्हें एक रिसॉर्ट में ले गया और नशीला पदार्थ खिलाकर उनके साथ बलात्कार किया।



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में ईद-उल-फितर के अवसर पर ईद की बधाई दी.

## खत्म होगा 70 साल का इंतजार, कटरा से श्रीनगर तक चलेगी पहली ट्रेन; 19 अप्रैल की पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

नई दिल्ली (आरएनएस)। कश्मीर को रेलमार्ग से देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने का सपना जल्द ही पूरा होने जा रहा है। पीएम मोदी 19 अप्रैल को कटरा से श्रीनगर तक चलने वाली पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस बात की पुष्टि की है। कश्मीर को देश के अन्य भागों से जोड़ने के लिए 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक परियोजना का काम पूरा होने के बाद कश्मीर को यह सौगात मिलने जा रही है। जम्मू-कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत कटरा से होगी, क्योंकि फिलहाल जम्मू रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण किया जा रहा है। इस रेलवे लिंक परियोजना को पिछले महीने पूरा कर लिया गया था। कटरा-बारामूला मार्ग पर ट्रेन के परीक्षण सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने इस साल जनवरी में कटरा और कश्मीर के बीच ट्रेन सेवा को मंजूरी दी थी। वंदे भारत एक्सप्रेस के शुरू होने से जम्मू और श्रीनगर के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा।

## यूसीसी की गंगोत्री किसी न किसी रूप में सभी को लाभ देगी- पुष्कर सिंह धामी

बरेली (आरएनएस)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को बरेली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून को लेकर कहा कि आजादी के बाद से देश को प्रतीक्षा थी कि यह कानून लागू हो। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में देवभूमि से इसकी शुरुआत हो गई है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से देवभूमि से मां गंगा निकलकर पूरे देश को जल और जीवन दे रही हैं। उसी प्रकार समान नागरिक संहिता की गंगोत्री भी सभी को किसी न किसी रूप में लाभ देगी। यह समरसता और समानता स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इसकी शुरुआत देवभूमि से हो चुकी है। 27 जनवरी 2025 से इसे देवभूमि में लागू कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि देवभूमि से यह गंगोत्री निकली है। आने वाले समय ने इसका लाभ सभी राज्यों को होगा। जिन लोगों ने तुष्टिकरण की राजनीति की, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जब संविधान बना रहे थे, तब इसका प्रावधान वहां भी किया गया था। अनुच्छेद 44 में इसका प्रावधान किया गया था। मैं एक-दो केस का जिक्र कर रहा हूं। राज्य को विभिन्न निर्णयों में इस प्रकार निर्देश दिए गए हैं कि समान नागरिक संहिता लागू होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता नए-नए कानूनों और नवाचार को चाहती है। लंबे समय से रुकी हुई प्रक्रिया को बदलना चाहती है। उस दिशा में ठोस कार्य हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अखिलेश यादव के पूज्य पिताजी के समय में भगवान राम का मंदिर नहीं बन पाया। कारसेवकों पर लाठियां चली। कश्मीर में धारा-370 नहीं हटी। आज पीएम मोदी के समय तीन तलाक का कानून हट गया। नागरिक संशोधन का कानून आ गया।

## उदयपुर : पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास पूजा के समय आग लगने से झुलसीं, अहमदाबाद रेफर

उदयपुर (आरएनएस)। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता डॉ गिरिजा व्यास सोमवार सुबह पूजा के दौरान साडी में आग लगने से गंभीर झुलस गई। उन्हें इलाज के लिए अहमदाबाद ले जाया गया है। डॉ गिरिजा व्यास के भाई पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा गोपजी ने बताया कि गिरिजा जी सुबह करीब साढे दस बजे नवरात्रि की पूजा कर रही थी तब अचानक दीपक की लौ से उनकी साडी में आग में आग लग गई। सिल्क की साडी होने से अचानक आग भभक कर उपरी हिस्से तक पहुंच गई जिससे वे गंभीर झुलस गई। उन्हें तत्काल जीबीएच अमेरिकन अस्पताल पहुंचाया तथा प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें दोपहर करीब ढाई बजे परिजन अहमदाबाद ले गए हैं। गोपजी के अनुसार गिरिजा जी की हालत ठीक है और वे सभी से बात भी कर रही है।




ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शहीद राजकिशोर मुंडा के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित की, बिहार रेजिमेंट की 6वीं बटालियन के हवलदार, तवांग, अरुणाचल प्रदेश में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए थे।



ईद-उल-फितर के अवसर पर शहजादा हुसैन बुरहानुद्दीन और दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रतिनिधियों ने नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की।

## बीड मस्जिद विस्फोट मामले में एटीएस ने आरोपियों से की पूछताछ, टेरर एंगल की पड़ताल

बीड (आरएनएस)। महाराष्ट्र के बीड जिले में गेवराई तहसील के अर्धा मसला गांव में मस्जिद में हुए ब्लास्ट के बाद बीड पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनसे पूछताछ जारी है।

घटना के बाद एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) की टीम भी मौके पर पहुंची और देर रात तक दोनों आरोपियों से पूछताछ की। एटीएस इस बात की समानांतर जांच कर रही है कि इस घटना में कोई टेरर एंगल शामिल है या यह आरोपियों की महज शरारत थी।

वहीं, आधिकारिक तौर पर यह मामला लोकल क्राइम ब्रांच के पास है, जो इसकी गहन जांच में जुटी हुई है। पुलिस आरोपियों के बैकग्राउंड की छानबीन कर रही है और उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स को ट्रैक कर रही है।


जांच में यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस ब्लास्ट की साजिश में कितने लोग शामिल थे और उनका मकसद क्या था। अधिकारियों ने बताया कि मामले की तह तक जाने के लिए सभी पहलुओं पर बारीकी से काम किया जा रहा है।

बीड जिले में रविवार को एक मस्जिद में हुए धमाके के बाद इलाके में तनाव का माहौल व्याप्त है। घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्काल अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिया है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

बीड पुलिस अधीक्षक नवनीत कावर ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि रविवार तड़के करीब पौने तीन बजे मस्जिद में धमाका हुआ था। सूचना मिलते ही 20 मिनट के भीतर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और सुबह साढ़े पांच बजे तक स्थिति का जायजा लिया गया।

उन्होंने कहा, दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने मस्जिद के अंदर विस्फोटक उपकरण का इस्तेमाल कर धमाका किया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपियों का मुस्लिम समाज के कुछ बच्चों से विवाद हुआ था, जिसके बदले में उन्होंने यह कदम उठाया।

कावर ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और स्थानीय क्राइम ब्रांच को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जांच की निगरानी के लिए एक पुलिस इंस्पेक्टर को विशेष रूप से नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा, यह उच्च स्तरीय जांच होगी, जो निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जाएगी। दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी।



कभी करोड़ों दिलों पर राज करने वाले दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की अब उम्र हो गयी है। वह बहुत कम ही बाहर निकलते हैं। जहां धर्मेंद्र की पत्नी हेमा मालिनी मीडिया ले रूबरू होती रहती है कभी सिनेमा के इवेंट में तो कभी बतौर नेता, राजनीतिक बयानों के कारण। वह अभिनेता धर्मेंद्र को अकसर बिग बॉस में सलमान खान के साथ मंच शेयर करते देखा जाता है या फिर कुछ पुरानी तस्वीरों के साथ सोशल मीडिया पर। हाल ही में अभिनेता धर्मेंद्र की कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। वीडियो में एक्टर पैपराज़ी के सामने आये। उनकी हालत ठीक नहीं लग रही हैं। धर्मेंद्र की आंखों पर पट्टी बंधी हुई थी।



# अभिनेत्री मानुषी छिल्लर ने बताई चुनौतियों की बात



मानुषी छिल्लर ने अपने सामने आई चुनौतियों के बारे में बताया। मानुषी छिल्लर ने मिस वर्ल्ड का ताज जीतकर पूरे देश को गौरवान्वित किया। इसके ठीक बाद उन्होंने सम्राट पृथ्वीराज के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की। उन्होंने शक्ति प्रताप सिंह हाडा के निर्देशन में ऑपरेशन वैलेंटाइन के साथ टॉलीवुड में अपनी शुरुआत की। मानुषी ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि जब अवसर खत्म हो गए तो उन्हें कैसा लगा। उन्होंने कहा, मेरे लिए अभी सबसे बड़ी चुनौती एक अभिनेता के रूप में मेरी यात्रा है। मिस वर्ल्ड जीतने के बाद इस क्षेत्र में आने पर, मैं पहले से ही काम कर रही थी, लेकिन अभिनय में कदम रखना एक बार फिर से एक छात्र बनने और सब कुछ शुरू से सीखने जैसा था। यह मेरे सामने आई सबसे बड़ी चुनौती रही है।

उन्होंने बताया, मैं हमेशा से एक अच्छी छात्रा रही हूँ, इसलिए मैंने हाल ही में अपना ध्यान इस नए हुनर को अपनाने पर केंद्रित किया, और खुद को एक अभिनेता के रूप में बेहतर बनाने के लिए समर्पित कर दिया। अभिनय एक पूरी तरह से अलग अनुशासन है, और जबकि हर किसी की अपनी खूबियाँ होती हैं, मैं हमेशा से एक स्वाभाविक रूप से सतर्क और दृढ़ व्यक्ति रही हूँ। भावनाओं को खुलकर व्यक्त करना मेरे लिए कभी आसान नहीं रहा। हालाँकि, सबसे बड़ी बाधाओं में से एक जो मुझे पार करनी थी, वह थी कैमरे के सामने कमज़ोर होना सीखना और खुद को पूरी तरह से एक किरदार में डुबो देना। उन्होंने कहा, हमेशा बहुत  यादा उम्मीदें होती हैं, खासकर जब आप मिस वर्ल्ड जैसे मंच से आते हैं। इस प्रतियोगिता से कई उल्लेखनीय महिलाओं ने न केवल प्रतियोगिता में बल्कि अभिनय में भी वैश्विक पहचान हासिल की है। स्वाभाविक रूप से, यह एक निश्चित स्तर की जांच लाता है। मैं उम्मीदों को एक सकारात्मक शक्ति के रूप में देखती हूँ। वे मुझे और अधिक प्रयास करने, लगातार सुधार करने के लिए प्रेरित करती हैं। बाहरी दबाव पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, मैं सीखने, अपने कौशल को निखारने और एक अभिनेता के रूप में विकसित होने पर ध्यान केंद्रित करना चुनती हूँ। सबसे अच्छी बात जो मैं कर सकती हूँ, वह है अपने शिल्प के लिए खुद को समर्पित करना, कड़ी मेहनत करना और एक अभिनेता के रूप में विकसित होना। अपने प्रोजेक्ट्स के बारे में बात करते हुए, उन्होंने साझा किया, इस साल मेरी दो फ़िल्में रिलीज़ होने वाली हैं और एक और जिसकी मैं शूटिंग शुरू करूँगी। दुर्भाग्य से, मैं उनका नाम नहीं बता सकती, लेकिन जब फ़िल्मों की बात आती है, तो यही लाइन में है। इसके अलावा, मेरे ब्रांड द्वीप के साथ बहुत काम चल रहा है, जो मेरा सस्टेनेबल बीचवियर ब्रांड है, और सोमा वेलनेस के साथ बहुत विस्तार हो रहा है, जो मेरा रीजेनरेटिव क्लिनिक है।

**प्रभास की स्पिरिट को लेकर आया नया अपडेट, निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने दी जानकारी**

पैन इंडिया स्टार प्रभास इन दिनों अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिनमें से फिल्म स्पिरिट को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है, जिसे खुद फिल्म के निर्देशक ने शेयर किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, आज, उगादि पर्व के खास मौके पर, संदीप रेड्डी वांगा ने एक नया अपडेट दिया, जिससे प्रभास के प्रशंसक बेहद खुश हैं। संदीप ने बताया कि वह और उनकी टीम हाल ही में मैक्सिको गए थे, जहां उन्होंने फिल्म की शूटिंग को लेकर खास जगह देखी हैं। उन्होंने यह बताया कि फिल्म का एक बड़ा हिस्सा मैक्सिको में ही शूट किया जाएगा,

## पत्थर पर श्री राम, सामने पूजा की थाल, ऋषभ शेट्टी की फिल्म जय हनुमान का नया पोस्टर

ऋषभ शेट्टी की फिल्म जय हनुमान के मेकर्स ने गुड़ी पड़वा के अवसर पर फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है. प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स के अगले चैप्टर के रूप में इस फिल्म के अनाउंसमेंट ने फैंस की एक्साइटमेंट लेवल को हाई कर दिया है.

जय हनुमान के मेकर मैथरी मूवी मेकर्स ने फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया है. इसमें एक विशाल पत्थर है जिस पर श्री राम लिखा हुआ है, जो भगवान राम के प्रति हनुमान की गहरी भक्ति का प्रतीक है. पत्थर के सामने एक पारंपरिक पूजा की थाली रखी गई है, जिसमें दीया, फूल और प्रसाद रखा गया है. तस्वीर के आस-पास एक जंगल है जिसमें गिरे हुए फल और लंबे पेड़ है.

# एथनिक लुक में कहर बरपाती दिखीं मौनी रॉय, कातिल अदाओं से सोशल मीडिया पर लूटी लाइमलाइट



बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

एक्ट्रेस मौनी रॉय अक्सर अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस को अपने हुस्न का कायल बनाती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से छा जाता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस मौनी रॉय ने बेहद ही खूबसूरत तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मौनी रॉय ने व्हाइट कलर का बेहद ही खूबसूरत सूट पहना हुआ था, जिसमें वो एक से बढ़कर एक कातिलाना अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। बालों में गजरा, फूल वाला मांगटीका, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मौनी रॉय ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये कातिलाना अवतार देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। मौनी रॉय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

## एल2 एम्पुरान कलेक्शन डे 3: भारत में 50 करोड़ के करीब पहुंची मोहनलाल की फिल्म, अब सिकंदर से मिलेगी कड़ी टक्कर

मोहनलाल की एल2 एम्पुरान ने 27 मार्च को दुनियाभर में सिनेमाघरों में दस्तक दी और 2 दिन में ही वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का आंकड़ा पार करके मलयालम सिनेमा का नाम ऊंचा कर दिया. मोहनलाल और पृथ्वीराज स्टारर एल2 एम्पुरान ने एडवांस बुकिंग में तो जमकर कमाई की ही वहीं अब बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म धुआंधार कमाई कर रही है. तीसरे दिन घरेलू कलेक्शन में फिल्म 50 करोड़ का आंकड़ा पार करने के बेहद करीब है. दूसरी ओर आज 30 मार्च को सिनेमाघरों में सलमान खान की सिकंदर एम्पुरान को टक्कर देने उतर रही है. मोहनलाल स्टारर ने दुनियाभर में 67.50 करोड़ की जबरदस्त ओपनिंग की वहीं दो दिनों में वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया. घरेलू कलेक्शन की बात करें तो भारत में फिल्म ने 21 करोड़ के साथ ओपनिंग की और दूसरे दिन 11.5 करोड़ कमाए. वहीं तीसरे दिन फिल्म का कलेक्शन 13.50 करोड़ हुआ और इसके साथ ही तीन दिनों का फिल्म का टोटल कलेक्शन 46 करोड़ रुपये हो गया है. फिल्म जल्द ही भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ का आंकड़ा पार करने में सफल होगी. एल2 एम्पुरान वर्ल्डवाइड और घरेलू स्तर पर जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है लेकिन आज 30 मार्च को सलमान खान की सिकंदर भी सिनेमाघरों में दस्तक दे रही है. इसके चलते एल2 एम्पुरान को कड़ी टक्कर मिल सकती है. देखना दिलचस्प होगा कि बॉक्स ऑफिस पर कौन सी फिल्म बेहतर प्रदर्शन कर पाती है. एक और एल2 एम्पुरान को लेकर साउथ में बड़ा क्रेज है हालांकि हिंदी बेल्ट में भी फिल्म की कमाई अच्छी हुई है. वहीं दुनियाभर में दो दिनों में 100 करोड़ पार करना कोई छोटी बात नहीं है. वहीं सलमान खान की सिकंदर साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है तो सिनेमाघरों में साउथ वर्सेज बॉलीवुड का आज से संग्राम शुरू होने जा रहा है.

# पहरेदारी बहुत हुई..अब प्रहार होगा, ग्राउंड जीरो के टीजर में दिखी कश्मीर पर जंग, इमरान हाशमी ने संभाला मोर्चा

बॉलीवुड के सीरियल किसर इमरान हाशमी की नई वार ड्रामा फिल्म ग्राउंड जीरो का टीजर रिलीज हो गया है. ग्राउंड जीरो के टीजर में इमरान हाशमी को आर्मी की वर्दी में देखा जा रहा है. इमरान हाशमी के बर्थडे को फिल्म का एलान कर एक पोस्टर जारी किया गया था और साथ ही टीजर की भी जानकारी दी गई थी. फिल्म ग्राउंड जीरो को तेजस डियोस्कर ने डायरेक्ट किया है. यह फिल्म कश्मीर पर बेस्ड है, जिसमें सच्ची घटनाओं के दिखाया जाएगा. फिल्म ग्राउंड जीरो अप्रैल 25 में रिलीज होने जा रही है.

फिल्म ग्राउंड जीरो के टीजर की बात करें तो यह इसकी शुरुआत आतंकी ग्रुप जैश-ए-मोहम्मद के सीन से शुरू होती है, जो देश के प्रधानमंत्री को कश्मीर को स्वतंत्र करने की धमकी दे रहा है. इसके बाद वीडियो में भारतीय वीर जवानों पर हमला होते दिखाया जा रहा है, जिसमें 70 जवानों को घुटने के बल देखा जा रहा है. इसके बाद टीजर में इमरान हाशमी की बतौर बीएसएफ डिप्टी कमांडेंट नरेंद्र नाथ दुबे एंट्री होती है. दुबे ने 2003 में आतंकवादी सरगना गाजी बाबा को मार गिराने वाले अभियान का नेतृत्व किया था और उन्हें 2005 में राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया था.

टीजर का अंत इमरान हाशमी के रोल से होता है, ज पूछता है, सिर्फ कश्मीर की जमीन हमारी है या यहां के लोग भी? इमरान ने भी खुद अपनी अपकमिंग फिल्म का टीजर सोशल मीडिया पर शेयर किया है और कैप्शन में लिखा है, बहादुरी, त्याग, एक ऐसा मिशन जिसने सबकुछ बदलकर रख दिया, ग्राउंड जीरो टीजर रिलीज हो चुका है, अब प्रहार होगा. फिल्म के निर्माता एक्सल एंटरटेनमेंट के मालिक हैं, जो फिल्म के हाईऑक्टेन एक्शन होने का दावा कर रहे हैं. साथ ही दावा किया है कि फिल्म के इमोशनल सीन कहानी को दमदार बनाएंगे. फिल्म के निर्माता रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर हैं. फिल्म में साई तमन्हाकर सपोर्टिंग रोल में नजर आएंगी. इमरान हाशमी को पिछली बार सलमान खान और कैटरीना कैफ स्टारर एक्शन फिल्म टाइगर 3 में बतौर विलेन देखा गया था. इसके अलावा इमरान गुड़ाचारी 2 और आवारापन 2 में भी नजर आएंगे.

**संजय दत्त, मौनी रॉय और सनी सिंह स्टारर हॉरर कॉमेडी द भूतनी ट्रेलर हुआ रिलीज, 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में देगी दस्तक**

संजय दत्त और मौनी रॉय की बहुप्रतीक्षित फिल्म भूतनी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह एक हॉरर, कॉमेडी और साइंस-फिक्शन फिल्म है, जिसमें डर, हंसी-मजाक और विज्ञान का मिश्रण दर्शकों को देखने को मिलेगा। लंबे समय से इस फिल्म का फैंस इंतजार कर रहे थे।

मौनी रॉय के करियर ने एकता कपूर के धारावाहिक 'नागिन' से उड़ान शुरू की। इस सीरियल से उन्हें काफी लोकप्रियता मिली। इसके बाद अभिनेत्री ने फिल्मों का रुख किया।

## टेस्ट का टीजर जारी, क्रिकेटर अर्जुन की भूमिका में दिखे सिद्धार्थ

अभिनेता आर माधवन कुछ समय से अपनी आगामी फिल्म ञ्जश्वस्ञ्ज को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान एस. शशिकांत ने संभाली है। इस फिल्म माधवन के साथ सिद्धार्थ और नयनतारा भी मुख्य भूमिका में हैं। अब निर्माताओं ने टेस्ट का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें सिद्धार्थ का धांसू अवतार दिख रहा है।

इस टीजर में दर्शकों को केवल सिद्धार्थ के किरदार अर्जुन से मिलवाया गया है, जो पेशे से एक क्रिकेटर हैं।

यह फिल्म 4 अप्रैल, 2025 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। खास बात यह है कि इस फिल्म को आप हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषा में देख पाएंगे। निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, एक ऐसा क्रिकेटर, जो अपने खेल से दूर है। एक ऐसा मैच, जो मैदान से परे जाता है। अर्जुन की जिदगी बदलने वाला टेस्ट शुरू होने वाला है।

# रोजाना ठंडे पानी से धोएं अपनी आंखें, दूर हो सकती हैं कई समस्याएं



आंखों की देखभाल हमारे रोजमर्रा के जीवन का एक अहम हिस्सा है। अक्सर हम आंखों की थकान और तनाव को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन ठंडे पानी से आंखें धोना एक सरल उपाय हो सकता है। यह न केवल ताजगी देता है बल्कि कई स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे ठंडे पानी से आंखें धोना आपकी आंखों के लिए फायदेमंद हो सकता है।

आंखों की थकान को कम करें

आजकल कंप्यूटर और मोबाइल स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने से हमारी आंखें जल्दी थक जाती हैं। ठंडे पानी से आंखें धोने पर तुरंत राहत मिलती है।

यह आपकी आंखों की मांसपेशियों को आराम देता है और उन्हें तरोताजा महसूस कराता है। जब आप अपनी दिनचर्या में इसे शामिल करते हैं तो यह आपकी दृष्टि को बेहतर बनाने में मदद करता है और लंबे समय तक काम करने की क्षमता बढ़ाता है।

जलन और सूजन को कम करें

आंखों में जलन या सूजन होना आम समस्या बन गई है, खासकर धूल-मिट्टी या प्रदूषण के कारण ।ठंडा पानी इन समस्याओं का सरल समाधान हो सकता है। जब आप अपनी आंखों पर ठंडा पानी डालते हैं तो यह तुरंत जलन को शांत करता है और सूजन को कम करता है। इससे आपकी आँखें स्वस्थ रहती हैं और किसी भी प्रकार की एलर्जी से बचाव होता है।

रक्त संचार में सुधार करें

ठंडा पानी आपके शरीर के रक्त संचार को बेहतर बनाने में मदद करता है, जिससे आपकी आंखों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचती है। यह प्रक्रिया आंखों के स्वास्थ्य को सुधारती है और दृष्टि को स्पष्ट बनाती है। जब आप नियमित रूप से ठंडे पानी से अपनी आंखें धोते हैं तो आप महसूस करेंगे कि आपकी आंखें पहले से ज्यादा चमकदार दिख रही हैं। इसके अलावा यह तरीका आपकी आंखों की थकान को भी कम करता है।

तनाव दूर करने में है सहायक

दिनभर की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव होना आम बात हो गई है। ऐसे में अगर आप अपनी आंखों पर ठंडा पानी डालते हैं तो यह आपके दिमाग को शांति देने में मदद करता है।

ठंडा पानी आंखों की थकान को कम करता है और चेहरे पर ताजगी लाता है। यह सरल उपाय मानसिक रूप से शांत करता है और आंखों को आराम देता है, जिससे आप तरोताजा महसूस करते हैं और तनाव से राहत पाते हैं।

प्राकृतिक तरीके से होगी सफाई

आंखों में गंदगी जम जाना आम बात होती है, खासकर उन लोगो के लिए जो बाहर काम करते हैं। ऐसे मे अगर आप रोजाना सुबह उठते ही सबसे पहले अपने चेहरे पर थोड़ा-सा साफ सुथरा ठंडा पानी छिड़क लेते हैं तो इससे न सिर्फ गंदगी हट जाएगी बल्कि त्वचा भी निखर जाएगी।

इस तरह देखा जाए तो रोजाना कुछ मिनट निकालकर खुद की देखभाल करना बेहद जरूरी होता है ताकि आने वाले वक्त में कोई परेशानी न हो।

# बेहद खतरनाक हो सकती हैं टाइट जींस, जल्द हो जाएं सावधान, जानें पहनने से होने वाली परेशानियां



जींस युवाओं के बीच सबसे लोकप्रिय परिधानों में से एक है. इसे लड़कियां और लड़के दोनों ही पहनते हैं. खास तौर पर लड़कियों द्वारा पहनी जाने वाली जींस थोड़ी अलग होती है. ये टाइट होती हैं. ऐसे कपड़ों की वजह से लड़कियों को लगातार स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. इसलिए विशेषज्ञ महिलाओं को इस गर्मी में ऐसी जींस न पहनने की सलाह दे रहे हैं. टाइट जींस पहनने से कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं. महिलाएं इन समस्याओं की चपेट में खास तौर पर आती हैं. आइए यहां जानते हैं जींस से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं और इन्हें पहनते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में...

विशेषज्ञों का कहना है कि बहुत टाइट जींस पहनने से मेराल्जिया पैरेस्थेटिका (न्यूरोलॉजिकल समस्याएं- पैरों और हाथों में सुन्नपन, कुछ लोगों को लिवर की समस्या और पीठ दर्द भी हो सकता है) नामक बीमारी हो सकती है. हाल ही में एक अंतरराष्ट्रीय वेबसाइट द्वारा पोस्ट किए गए लेख में बताया गया है कि बहुत टाइट स्किनी जींस स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा कर सकती है. एक नए शोध के अनुसार, जिस तरह टाइट पैंट पुरुषों में बांझपन की समस्या पैदा करती है, उसी तरह टाइट जींस महिलाओं में यीस्ट इंफेक्शन, मूत्र मार्ग में संक्रमण और सबसे गंभीर बीमारी एंडोमेट्रियोसिस का कारण भी बन सकती है. दरअसल, एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित महिलाओं में आमतौर पर ट्यूबल डैमेज और डिम्बग्रंथि के कार्य में गड़बड़ी की वजह से प्रजनन क्षमता कम हो जाती है. अगर जींस टाइट होगी तो त्वचा पर दबाव बढ़ेगा. इससे पसीना बाहर नहीं निकल पाएगा. इससे त्वचा में जलन, रैशेज और दूसरी त्वचा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं. ये समस्याएं खास तौर पर जांघों और टखनों के आसपास होती हैं. इससे रक्त संचार खराब होता है। टाइट जींस पहनने से रक्त संचार सही तरीके से नहीं हो पाता. निचले अंगों में पर्याप्त रक्त संचार न होने से कूल्हों, जांघों और पैरों में दर्द और सूजन होती है. अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहे तो न्यूरोलॉजिकल समस्याएं भी हो सकती हैं.

## शब्द सामर्थ्य -004


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भाला 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 003 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना बेलबाग में श्रीमती सरला कश्यप उम्र 55 वर्ष निवासी छुई मोहल्ला पानी की टंकी के पास बेलबाग ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह शादी पार्टियों में खाना बनाने का काम करती है रद्दी चौकी में उसकी बड़ी बेटी रीना केवट अपने पति बच्चों के साथ रहती है वह एवं उसकी छोटी बेटी राखी केवट शाम लगभग 5 बजे बेटी रीना केवट के घर कुछ दिनों के लिये रहने चले गये थे शम्भू जाट ने फोन कर बताया कि आपके कच्चे घर का दरवाजा टूटा है आप आकर देख लो तो वह अपने भतीजे दीपांशु केवट के साथ सुबह लगभग 10 बजे जाकर देखा

# हिन्दू संगठनों ने जॉय स्कूल में की तोडफ़ोड़, हंगामा, संचालक द्वारा भगवान राम पर विवादित स्टेटस से भड़का आक्रोश







**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** जबलपुर में जॉय स्कूल के संचालक द्वारा भगवान राम को लेकर फेसबुक स्टेटस पर विवादित टिप्पणी किए जाने से हिन्दूवादी संगठन आक्रोशित हो गए. संगठन के कार्यकर्ताओं ने स्कूल में घुसकर हंगामा कर तोडफ़ोड़ कर पोस्टर फाड़ दिए. यहां तक कि खिड़कियों के कांच भी तोड़ दिए.

विजय नगर स्थित जॉय स्कूल में प्रदर्शन व हंगामा कर रहे कार्यकर्ताओं का कहना था कि स्कूल संचालक माफी मांगे. पुलिस प्रशासन द्वारा स्कूल संचालक के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा. पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाइश देते हुए कहा कि मामले में जांच कर कार्यवाही की जाएगी. इसके बाद कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन समाप्त किया. गौरतलब है कि पिछले दिन धर्मान्तरण की आशंका में हिन्दूवादी संगठनों ने ने मंडला से भंवरताल पार्क से आए कुछ महिलाओं व बच्चों को रोककर उन्हें जबरन बस में बैठाया और फिर वापस भेजने लगे. इस दौरान कुछ हिंदूवादी संगठनों ने रांझी के पास बस में बैठे यात्रियों को उतारकर थाने पहुंचा दिया.

करीब तीन घंटे तक हंगामा चला. इसके बाद जब बातचीत करने के लिए ईसाई धर्मगुरु पहुंचे तो थाने में मौजूद लोगों ने उनके साथ मारपीट कर दी. इस मामले में स्कूल के संचालक अखिलेश मेबन ने थाने में हुए हंगामे का वीडियो अपने मोबाइल स्टेटस पर लिखते हुए...भगवान राम को लेकर टिप्पणी की थी. सोशल मीडिया के जरिए जब हिंदू संगठनों तक यह जानकारी पहुंची तो उन्होंने स्कूल पहुंचकर हंगामा किया.

इस मामले को लेकर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अखिलेश मेबन द्वारा भगवान राम पर टिप्पणी करते हुए स्टेटस को फेसबुक में लगाया गया था. इसके विरोध में हिंदू संगठन प्रदर्शन कर रहे थे. कार्यकर्ताओं को समझाइश देकर शांत कराया गया है. मामले में जल्द ही स्कूल संचालक के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

**स्कूल में कीचड़ फेंका, पोस्टर फाड़े-**

आक्रोशित हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने कीचड़ से भरी पॉलीथिन स्कूल के अंदर फेंकी, जिन्हें कि मौके पर तैनात पुलिस ने रोका. प्रदर्शनकारियों ने स्कूल की दीवार पर भी कालिख पोतकर अपना विरोध जताया. हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं का कहना है कि फेसबुक स्टेटस में स्कूल के संचालक ने स्टेटस लगाया है. जिसमें उन्होंने भगवान राम को अपशब्द कहे है.



## रंग भरो प्रतियोगिता मे बच्चो ने दिखाया हुनर लगभग 255 बच्चे हुए शामिल

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भगवान श्रीं झूलेलाल जी के अवतरण दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे लगभग 255 बच्चे शामिल हुए सभी के द्वारा भगवान श्रीं झूलेलाल जी की फोटो मे रंग भरे तत्पश्चात भगवान श्रीं झूलेलाल जी के जीवन पर प्रश्नउतरी का आयोजन किया सभी बच्चो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं बच्चों ने सुन्दर गीत प्रस्तुत किए एवं आकर्षक पुरस्कार प्राप्त किये 4 वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चे शामिल हुए! जिसमे मुख्य अतिथि श्रीमती करिश्मा शर्मा, किरण कलवानी, हितिशा शर्मा, सोनिया नोतनानी, सोनी वासवानी, दिव्या वासवानी, अंजलि जगवानी शमिल हुए सभी बच्चो को मुख्य अतिथि द्वारा सभी को उपहार दिया गया बच्चों के लिए स्वल्पहार की व्यवस्था की गई

## देश की आधी आबादी को भागीदारी के बिना लोकतंत्र अधूरा है

**महिला आरक्षण लागू करने हेतु महिला आक्रोश संगोष्ठी, ज्ञापन भी सौंपा**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सरकार द्वारा 33त्न महिला आरक्षण शीघ्र लागू करने हेतु सिविक सेंटर स्थित इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल जी के नेतृत्व और शहर अध्यक्ष श्रीमती कमलेश यादव के संयोजन में महिला आक्रोश संगोष्ठी के साथ ही महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम महिला आरक्षण शीघ्र लागू करने बाबत एक ज्ञापन भी सौंपा गया।

इस महिला आक्रोश संगोष्ठी को शहर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ,सुश्री कौशल्या गोटिया जी, जमुना मरावी ,अंजू बघेल, विनीता सिंह यादव, संगीता त्रिपाठी , मनीषा अवस्थी, यशोदा पांडे, कंचन तिवारी, श्वेता दुबे, आदि द्वारा संबोधित किया गया, म. प्र. महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल जी द्वारा आपने उद्बोधन में कहा गया कि यह आरक्षण महिलाओं के राजनीतिक सामाजिक और



आर्थिक स शक्तिरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। महिला आरक्षण विधेयक जो संसद ओर राज्य समओं में महिलाओं को 33त्नआरक्षण देने का प्रावधान करता है, इसे पारित करने हेतु कोई कार्यवाही न करना महिलाओं के साथ किया जा रहा एक छलावा है, जो हमें स्वीकार नहीं। इसके क्रियान्वयन में किसी प्रकार की देरी न की जाए और इसे आगामी लोकसभा चुनाव से पहले प्रभावी किया जाए साथ ही वंचित वर्ग की महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु पिछड़ा वर्ग , अनुसूचित जाति जनजाति के लिए भी आरक्षण सुनिश्चित किया जाए, महिलाएं देश की आधी आबादी है और उनकी भागीदारी के बिना लोकतंत्र अधूरा है। यदि सरकार वास्तव में महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है तो उसे इस विधेयक को जल्द से जल्द लागू करना चाहिए। हमें अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा हेतु आंदोलन के लिए बाध्य न किया जाए। महिला आरक्षण विधेयक को तुरंत लागू किया जाए,ताकि महिलाओं को उनकी जनसंख्या के अनुपात में उचित प्रतिनिधित्व मिले। संगोष्ठी में कमलेश यादव (अध्यक्ष) द्वारा आभार व्यक्त किया गया , संगोष्ठी का संचालन इंदिरा पाठक तिवारी द्वारा किया गया। संगोष्ठी में मुख्य रूप से राखी रज्जू सराफ, सुधा जैसवाल,तबस्सुम , अनीता पटेल, निर्मला खान्ना, ज्योति महतो, शबनम, अनीता बिरहा, तारा चौधरी, ममता तिवारी, सीमा तिवारी, संगीता मिश्रा , मालती यादव, सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थी।

## कैश काउण्टर से 80 हजार रुपए चुराता युवक सीसीटीवी में हुआ कैद

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** गोरखपुर थाना क्षेत्र के कटंगा क्रॉसिंग रोड पर स्थित एक शोरूम के काउंटर में रखे करीब 80 हजार रुपए चोरों ने गायब कर दिए। यहां लगे सीसीटीवी कैमरे में एक चोर उक्त रुपए चुराते हुए कैद भी हो गया, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। यह भी पढ़े -शहर के इन 18 क्षेत्रों के एक लाख लोग रोज पीते हैं नालियों से गुजरी पाइप लाइन का पानी पुलिस के अनुसार सैनिक सोसायटी निवासी 49 वर्षीय विकास माकन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनके अनुसार कटंगा रोड पर उनका जॉकी शोरूम है। जहां 5 कर्मचारी कार्यरत हैं और 30 मार्च की सुबह स्टोर मैनेजर गिरिधर रैदास ने उन्हें फोन पर जानकारी दी। यह भी पढ़े -हर कोने में खुल गईं कई अवैध चौपाटी ईवनिंग वॉक करना तक हुआ मुश्किल इसमें बताया गया कि समीक्षा मौर्य नामक कर्मचारी ने जब स्टोर खोला, तभी वहां एक युवक-युवती सामान खरीदने के लिए आए और बातों में उलझाकर कैश काउण्टर से करीब 80 हजार रुपये चोरी कर चाबी अपने साथ ले गए हैं। इसके बाद जब वे शोरूम पहुंचे तो देखा कि सीसीटीवी फुटेज में एक युवक चोरी करते हुए नजर आ रहा है। रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

अस्पताल में खड़ा ई-रिक्शा चोरी गढ़ा थाना में बड़ी खेरमाई सती चौक हनुमानताल निवासी 28 वर्षीय मुनिराज रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनके अनुसार अभिषेक बाल्मीक नामक रिश्तेदार ने उन्हें वर्ष 2023 में लोन से ई-रिक्शा नम्बर एमपी 20 जेडजी 5753 दिलवाया था। इसी बीच 12 मार्च को जब वे मेडिकल कॉलेज में अपना ई-रिक्शा लेकर गए हुए थे, तभी अज्ञात चोरों ने उनका ई-रिक्शा गायब कर दिया।

## दुधारू गायों की पुरस्कार योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

जबलपुर-भारतीय उन्नत नस्ल की गायों के पालन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुपालन एवं विकास योजना के अंतर्गत ष्भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों की पुरूस्कार योजनाष् के लिए 5 अप्रैल से 7 अप्रैल को जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक पशुपालक 2 अप्रैल से 4 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं उपसंचालक डेयरी एवं पशुपालन विभाग ने बताया कि योजना के तहत सभी वर्ग के पशुपालक जिनके पास भारतीय उन्नत नस्ल की गाय है जिनका प्रतिदिन औसत दुग्ध उत्पादन 6 लीटर या उससे अधिक है प्रतियोगिता के लिए आवेदन कर सकते हैं स प्रतियोगिता में ऐसी गायों का ग्राम स्तर पर 3 समय का दुग्ध उत्पादन रिकॉर्ड कर परिणाम निकाला जायेगास जिला स्तर पर अधिक दुग्ध उत्पादन वाली प्रथम तीन गायों के पशुपालकों को पुरूस्कार स्वरुप राशि रूपए क्रमशः 51 हजारए 21 हजार एवं 11 हजार प्रदाय किये

**मंत्री सिंह ने चौपाल कर सुनी लोगों की समस्यायें-विकास के कार्य समृद्धि के आधार होते हैं.मंत्री सिंह**

# जनहित के लिये लगातार विकास कार्य होते रहेंगे-मंत्री सिंह







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने आज पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में महाराणा प्रताप वार्ड के नव निवेश कॉलोनी और इंदिरा गांधी वार्ड के नारायण नगर पार्क में चौपाल कर विकास कार्यों की जानकारी दी। साथ ही लोगों की समस्याओं को सुना और उनके समुचित निराकरण करने के निर्देश दिये। मंत्री श्री सिंह से लोगों ने ज्यादातर बिजलीए पानीए सड़कए नाली व साफसफाई सुनिश्चितता करने का आग्रह किया। मंत्री श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिये कि जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाये। उन्होंने क्षेत्र में पानी की सुनिश्चितता को लेकर प्राथमिकता से कार्य करेंगे।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि वे जबलपुर की जनता के ऋणी व अभारी हैं। जिन्हों ने 20 वर्ष तक सांसद तथा इस बार विधानसभा में भेजने का आशीर्वाद दिया। उन्हों ने कहा कि हर जन प्रतिनिधि का कर्तव्य है कि वे विकास कार्य के माध्यम से जनता का ऋण उतारे। साथ ही कहा कि उन्हें विकास कार्य के माध्यम से ही अब जबलपुर की जनता का ऋण उतारने का अवसर मिला है। उन्होंकने कहा कि मुख्यकमंत्री डॉण् मोहन यादव की सरकार से उन्हें लोक निर्माण विभाग का दायित्वस मिला और जिस दिन से वे लोक निर्माण विभाग संभाले हैं उसी दिन से उनका ध्येसय वाक्ये लोक निर्माण से लोक कल्योण है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि अब विकास कार्यों में जबलपुर उपेक्षा नहीं होगी। उन्होंने जबलपुर के विकास के लिये किये गये कार्यों की विस्ता र से जानकारी देते हुये कहा कि जबलपुर को बड़ा गांव से महानगर की ओर ले जाने के लिए कई ऐतिहासिक कार्य किये हैं। आज मध्यहप्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाई ओव्हकर जिसकी लागत 11 हजार करोड़ हैए जबलपुर में हैए जो पूर्णता की ओर है। 4 हजार 500 करोड़ की लागत से 117 किलोमीटर की रिंग रोड बन रही हैए जिसमें दो लॉजिस्टिक पार्क व नर्मदा में दो आईकॉनिक ब्रिज होंगे। देश का पहला जियोलॉजिकल पार्क भी बनेगा। 450 करोड़ रूपये की लागत से एयरपोर्ट का आधुनिकीकरण हुआए वहीं 300 करोड़ की लागत से आधुनिकतम रेल्वेट स्टेशन भी बनेगा। उन्होंनि कहा कि विकास की प्रक्रिया चलते रहना चाहिए। अब तेजी से विकास हो रहा है। इस वर्ष बजट में जबलपुर के विकास के लिए 3200 करोड़ रूपये स्वीाकृत किये गये हैं। इससे जबलपुर व महाकौशल की समृद्धि व विकास का मार्ग प्रशस्तस होगा। बिना सड़कों के समृद्धि की कल्पुना नहीं की जा सकतीए बेहतर भविष्यत की कल्पिना नहीं की जा सकती। इसलिए सड़कों के विस्ता र व सुदृढ़ीकरण पर विशेष कार्य किया जा रहा है। आने वाले समय में जबलपुर में 6 फ्लाईओव्हमर बनेंगे। इसके साथ ही उन्हों ने जबलपुर के विकास के लिए किये गये व स्वीफ्कृत विभिन्नत विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि आने वाले समय में जबलपुर की पहचान एक महानगर के रूप में होगीए जिसकी चर्चा हर जगह होगी। उन्होंबने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ताओ को लेकर किसी प्रकार की कोई समझौता नहीं किया जायेगा। गड़बड़ी करने वालों पर आवश्य क कार्यवाही की जायेगी। ग्वाररीघाट आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए ग्वायरीघाट मुक्तिधाम से तिलहरी मार्ग तक 32 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण किया जायेगा। बंदरिया तिराहा से महानद्दा रोड़ तक लगभग 11 करोड़ की लागत से व्हामईट टॉपिंग का भूमिपूजन विगत दिन किया गया। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इसके साथ ही उन्होंाने विभिन्ना स्वी कृत व प्रस्तायवित कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि आने वाले समय में गौरीघाटए भटौलीए जिलहरी घाटए तिलवारा घाट को सरयू की घाट की तर्ज पर विकसित किया जायेगा। साथ ही रोप.वे की कार्ययोजनाओं पर प्रकाश डाला। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि यह सब विकास कार्य क्षेत्र की जनता को समर्पित होंगे और जबलपुर एक महानगर के रूप में सामने होगा। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लोकपथ एप के माध्य म से सात दिन के भीतर सड़क के गड्ढ़े ठीक किये जा रहे हैं। एप की लोकप्रियता का जिक्र केबीसी में विख्या?त कलाकार अमिताभ बच्चेन ने भी किया था। उन्हों ने चौपाल को संबोधित करते हुये कहा कि ऐसी मान्यता है कि चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन ही सृष्टि की उत्पत्ति हुई थी और इसी दिन से नया भारतीय वर्ष प्रारंभ होता है। चैत्र नवरात्रि व भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि विकास के लिये जो.जो कार्य आवश्यक है सभी किये जायेंगे। साथ ही कहा कि पहले जितना काम दस वर्ष में होता था उतना काम एक वर्ष में हो रहा है। नव निवेश कॉलोनी में चौपाल के दौरान उन्होंषने कहा कि धनवंतरी नगर चौक से मुख्यै सड़क तक 1 करोड 8 लाख के सीसी सड़क निर्माण कार्य और पिशनहारी की मढ़िया से आईटाइप गढ़ा पुरवा मार्ग तक 3ण्74 करोड़ के कार्य पूरे हो चुके हैं। 53 लाख से भूकम्पट कॉलोनी में सामुदायिक भवनए 28 लाख से सीओडी कॉलोनीए ब्रम्हउकुमारी आश्रम के सामने सीसी रोड राम बाजपेयी के निवास से यश किराना तक 18ण्63 लाख से सीसी रोड का निर्माणए एसएन शुक्लो के मकान से नायक जी के मकान तक 13ण्65 लाख की लागत से नाली निर्माणए लाल बिल्डिंग दूसरी लाईन से तिवारी के मकान तक 13ण्29 लाख से सीसी मार्ग का निर्माणए प्राथमिक शाला परसवाड़ा में 6 लाख की लागत से समतलीकरण व नाली निर्माणए नव निवेश कॉलोनी में शैलेन्द्र विश्विकर्मा के मकान तक 12ण्38 लाख से शेड निर्माणए 13 लाख की लागत से शांति नगर से खेला प्रजापति के मकान तक रंगमंच निर्माण कार्य स्वीलकृत किये जा चुके हैं। इसके साथ ही अन्ये बहुत से विकास कार्य स्वी्कृ?त हो चुके हैं। महाराणा प्रताप वार्ड में अभी तक 31 करोड़ के काम हो चुके हैं। उन्होंसने नव निवेश कॉलोनी के उद्यान जो कि 45ण्40 लाख की लागत से बनकर तैयार हुआ है उसका भूमिपूजन भी किया। इंदिरा गांधी वार्ड में नारायण नगर पार्क पर जन चौपाल करते हुए मंत्री श्री सिंह ने वहां भी वार्ड में विकास कार्यों की जानकारी देने के साथ.साथ जबलपुर को विकसित शहर बनाने की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। और कहा कि क्षेत्र में जल प्लाविन की समस्याकओं को दूर करने के लिए सार्थक उपाय किये जा रहे है। लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं और यह विकास के कार्य समृद्धि के आधार होते हैं। जिससे स्थापनीय लोगों को भी रोजगार सुनिश्चित होता है। इंदिरा गांधी वार्ड में अभी तक 30 करोड़ के काम हो चुके हैं। मंत्री श्री सिंह जन चौपाल के बाद गुलौआ चौक पर निषादराज जी की जयंती के अवसर पर शोभा यात्रा में भी शामिल हुए।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। गोरखपुर थाना क्षेत्र के कटंगा क्रॉसिंग रोड पर स्थित एक शोरूम के काउंटर में रखे करीब 80 हजार रुपए चोरों ने गायब कर दिए। यहां लगे सीसीटीवी कैमरे में एक चोर उक्त रुपए चुराते हुए कैद भी हो गया, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। यह भी पढ़े -शहर के इन 18 क्षेत्रों के एक लाख लोग रोज पीते हैं नालियों से गुजरी पाइप लाइन का पानी पुलिस के अनुसार सैनिक सोसायटी निवासी 49 वर्षीय विकास माकन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# करोड़ों के घोटालेबाज परिवहन विभाग के सिपाही सौरभ शर्मा की जमानत शासन प्रशासन की नाकामी-कांग्रेस

## आरटीओ भ्रष्टाचार मामले में लोकायुक्त और भाजपा सरकार की मिलीभगत के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन







**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। मध्यप्रदेश में आरटीओ भ्रष्टाचार के मुख्य आरोपी सौरभ शर्मा को बचाने के लिए लोकायुक्त और भाजपा सरकार की मिलीभगत अब स्पष्ट रूप से सामने आ चुकी है। लोकायुक्त द्वारा दो महीने बीत जाने के बाद भी चार्जशीट दाखिल नहीं की गई, ताकि आरोपी को जमानत मिलने का पूरा अवसर दिया जा सके और वह जेल से रिहा होकर अवैध रूप से एकत्रित राशि को सरकार और स्वयं के बीच बांट सके।

इस सरकारी भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी जी के आह्वान पर नगर कांग्रेस कमेटी, जबलपुर द्वारा आज दोपहर 3 बजे मालवीय चौक पर मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला दहन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और भाजपा सरकार के इस भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी एवं प्रदर्शन किया।


इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के दोषियों को बचाने का हर संभव प्रयास कर रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी और लगातार जनहित में लड़ाई लड़ती रहेगी।

नगर कांग्रेस कमेटी ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही आरोपी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस आगे और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

कोष्टा ने कहा कि सौरभ शर्मा को सत्ता सरकार द्वारा अघोषित रूप से सहयोग कर केस को कमजोर करना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना प्रजातंत्र के लिए घातक है कांग्रेस मांग करती है कि उपरोक्त भ्रष्ट सिपाही के काले कारनामों की लीपा पोती शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन सत्ता सरकार के दबाव में ना करें अन्यथा प्रदेश की जनता का विश्वास शासन प्रशासन से उठ जाएगा मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) टीकाराम कोष्टा प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी डॉक्टर मोइन अंसारी विजय अग्रवाल अस्सू खान मामूर गुड्डू अशोक चौधरी लखन श्रीवास्तव पवन नामदेव आदि ने मांग की है कि सौरभ शर्मा केस का 60 दिन के अंदर चालान क्यों नहीं पेश किया गया? क्या कारण है?इसकी जांच होना चाहिए? दोषियों पर कठोर कार्यवाही हो?

आज के इस कार्यक्रम में रामविलास दुबे पांडा, गुड्डू नवी, अयोध्या तिवारी, हर्षित यादव, रज्जू सराफ, मदन लारिया, दिलीप साहू, रितेश बंटी गुप्ता, रंजीत ठाकुर, उमेश यादव, प्रवेंद्र सिंह चौहान, कैलाश ठाकुर, जय ठाकुर, रिंकू शर्मा, अनुज श्रीवास्तव, भारत पटेल, विक्रम सिंह, पूनम सोनकर, अजय रावत, आलोक मसीह, राजकुमार सोनी आदि उपस्थित रहे।

# महिला के आशिक पर पति-भाई ने किया चाकू से हमला, मां से बोली मैं शादी करना चाहती हूं, सोशल मीडिया पर हुई है दोस्ती



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। जबलपुर स्थित सिहोरा (खितौला) रेलवे स्टेशन के बाहर सनसनीखेज घटनाक्रम सामने आया है. यहां पर एक युवक अपनी प्रेमिका के साथ बाहर आया, तभी घात लगाए बैठे दो युवकों ने चाकुओं से दनादन वार किए, जिससे युवक के शरीर पर गंभीर चोटें आई. युवक को स्थानीय लोगों ने सिहोरा के सिविल अस्पताल पहुंचाकर पुलिस को खबर दी. सिहोरा अस्पताल में युवक की हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार पनागर में रहने वाला रंजीत कुशवाहा प्राइवेट जॉब करा है, जिसका अपनी पत्नी से तलाक हो चुका है. कुछ दिन पहले रंजीत की फेसबुक पर जबलपुर के बेलबाग क्षेत्र में रहने वाली महिला सोनम (परिवर्तित नाम) से सोशल मीडिया पर दोस्ती हुई. इसके बाद दोनों चैटिंग पर एक दूसरे से बातचीत करते रहे. बाद में दोनों के बीच फोन पर भी बातचीत होने लगी. रंजीत ने कोमल को बताया कि उसका पत्नी से हमेशा विवाद होता रहा, जिसके चलते उसने पत्नी को तलाक दे दिया है. वहीं सोनम ने भी बताया कि वह अपने पति के साथ खुश नहीं है. क्योंकि वह अक्सर उसके साथ मारपीट करता है. इसके बाद दोनों और करीब आने लगे. रंजीत जब भी जबलपुर आता तो सोनम से मिलता था. एक सप्ताह पहले रंजीत और सोनम जयपुर घूमने के लिए गए, इस दौरान सोनम ने अपनी मां को फोन कर बताया था कि वह अपने एक दोस्त के साथ जयपुर में है और उससे शादी करना चाहती है. मां से परिजनों को जानकारी देते हुए बेलबाग थाना में गुमशुदा की रिपोर्ट तक दर्ज करा दी. पुलिस ने जांच करते हुए रंजीत के परिजनों से संपर्क किया तो पता चला कि वह भी एक सप्ताह से घर नही आया है. रंजीत के परिजनों ने संपर्क किया तो कहा कि वह जयपुर में है. बीती शाम जब रंजीत कुशवाहा व सोनम खितौला रेलवे स्टेशन से बाहर आए. तभी सोनम के पति रोहित व भाई आशुसिंह ने रंजीत पर चाकुओं से दनादन वार किए. हमला होते देख स्टेशन के बाहर अपराफतरी मच गई. स्थानीय लोगों ने रंजीत को सिहोरा अस्पताल पहुंचाया. जहां पर रंजीत की हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए. जिन्होने पूछताछ के बाद आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है. पुलिस की टीम आरोपियों को पकडने् के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है. मेडिकल अस्पताल में भरती रंजीत कुशवाहा की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है.

# गाजी नगर में मकान का लेंटर गिरने से महिला की मौत, पति गंभीर रूप से घायल







## मकान मालिक पर कार्यवाही की मांग की पूर्व पार्षद सैय्यद ताहिर अली ने

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। पूर्व पार्षद सैय्यद ताहिर अली ने बताया कि पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड के गाजी नगर अब्दुल हमीद चौक इलाके में बीती रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। मकान का लेंटर अचानक गिरने से घर में सो रही एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में एक मासूम बच्चा भी चपेट में आ गया, जिसका पैर टूटने की खबर है।

घटना देर रात करीब 4 बजे की है, जब पूरा परिवार गहरी नींद में सो रहा था। अचानक लेंटर भरभराकर गिर पड़ा, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस व प्रशासन को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस और बचाव दल ने मलबे को हटाकर घायलों को बाहर निकाला। महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पति को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे में एक छोटे बच्चे को भी चोटें आई हैं, जिसका पैर टूट गया है। डॉक्टरों ने बताया कि उसकी हालत स्थिर है, लेकिन उसे खास देखभाल की जरूरत होगी। सैय्यद ताहिर अली के अनुसार, जिस मकान का लेंटर गिरा, वह काफी पुराना और जर्जर हालत में था। बारिश के कारण इसकी हालत और खराब हो गई थी, लेकिन किसी ने इसकी मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया। मकान मालिक से किराएदार द्वारा कई बार बोला गया परन्तु कोई ध्यान नहीं दिया गया इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों में रोष है। उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही एवं नगर निगम पर आरोप लगाया और जर्जर मकानों का निरीक्षण कर कार्रवाई की मांग की है।एवं मकान मालिक पर कार्यवाही की मांग की है

# छोटे ने बड़े भाई को मारी कार से टक्कर, मौत

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**।। अधारताल थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर में छोटे भाई ने बड़े भाई को कार से टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल को मेडिकल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने सोमवार की देर रात मर्ग कायम किया। पुलिस के अनुसार आरोपी व मृतक दोनों मानसिक रूप से विक्षिप्त थे। मामले में मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। घटना के संबंध में उपनिरीक्षक रामकिशोर ने बताया कि अधारताल न्यू सुभाष नगर कॉलोनी निवासी स्वर्णिम खम्परिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोमवार की शाम उसके छोटे भाई स्वप्निल खम्परिया ने कार से अपने बड़े भाई स्वामिन को टक्कर मार दी थी। कार की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल स्वामिन को इलाज के लिए दमोहनाका स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर

**निविदा सूचना** (2 ND Call)

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न.नि.ज./प्रकाश/ 2024-25/31/ पी.आर.ओ./05 दिनांक 02.04.2025 | Central Lighting Arrangement Work at shivaji Nagar, Ward No. 37, Jabalpur. | 03 माह एवं 937298.00 | 2000.00 एवं 9373.00 | 28.04.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री,( विद्युतीय ), नगर पालिक निगम जबलपुर**


# सतना में ठगी करके जबलपुर पहुंचे यूपी के ठगों को रांझी पुलिस ने दबोचा, सराफा कारोबारियों को बनाते है निशाना



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। सतना में पांच सराफा कारोबारियों के साथ लाखों रुपए की ठगी करके जबलपुर पहुंचे तीन ठगों को रांझी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पकड़े गए आरोपी यूपी के मथुरा व नोएडा के रहने वाले है, जिनमें एक महिला व दो युवक शामिल है. पुलिस अधिकारियों की माने तो 27 मार्च को सतना में पांच सराफा कारोबारियों को नकली जेवर थमाकर करीब 8 लाख रुपए के असली जेवर लेकर फरार हो गए थे. इस घटना से सतना के सराफा बाजार में हड़कम्प मच गया. घटना की सूचना पुलिस अधिकारियों को दी. वहीं दूसरी ओर ठगी करके काली स्कार्पियों से मैहर, कटनी होते हुए तीनों ठग जबलपुर के रांझी क्षेत्र में आ गए. यहां पर सराफा कारोबारियों को निशाना बनाने की फिराक में घूम रहे थे. इस दौरान पुलिस अधिकारियों को खबर मिली तो घेराबंदी कर एक महिला व उसके दोनों साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. पुलिस को पूछताछ में ठग जगदीश गौतम, संदीप गौतम निवासी मथुरा व अलका शर्मा निवासी नोएडा ने बताया कि वे कुछ दिन पहले भी जबलपुर आए थे. इस दौरान लार्डगंज क्षेत्र में एक सराफा कारोबारी को अपना निशाना बनाया था. पुलिस को खबर मिली कि 27 मार्च को सतना में अलका शर्मा अपने साथी के साथ संस्कार आर्नामेंट पहुंचे. यहां पर दोनों ने महिला ने स्वयं को रेल अधिकारी की पत्नी बताया व युवक को अपना बेटा बताते हुए 12.6 ग्राम सोने की चेन पसंद की और वजन कराया तो उनके द्वारा दिए गए झुमके से कम निकली. बाद में सौदा यह तय हुआ कि झुमके के बदले चैन दे दिया जाए.


## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 04 दिनांक 02.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती रामप्यारी बुधौलिया, पिता- श्री कृष्ण कुमार बुधौलिया** ने मकान नं. प्लाट नं. 06 सम्पत्ति पिन नं. 1002981962 का भाग **वार्ड कमला नेहरू वार्ड** , क्षेत्रफल 966 व.फु., भूतल 966 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2025/ 26/एम/02 दिनांक 02.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री हेमन्त कुमार साहू, पिता- श्री परशुराम साहू, एवं श्री कंनिएक साहू, पिता- श्री हेमन्त कुमार साहू** ने मकान नं. प्लाट नं. 1909 **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 2400 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2025/ 26/एम/01 दिनांक 02.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती अर्चना मिश्रा, पति- श्री घनश्याम मिश्रा, एवं श्री घनश्याम मिश्रा, पिता- श्री रोहणी प्रसाद मिश्रा** ने मकान नं. 129 **वार्ड जयप्रकाश नारायण वार्ड,** क्षेत्रफल 1630 व.फु., भूतल 1000 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2024 एम./69 दिनांक 31.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती छोटी बाई विश्वकर्मा, पति- श्री गणेश प्रसाद विश्वकर्मा** ने मकान नं. 2232 शिव स्टोर पिन. नं. 1000480912 **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड,** भूतल 288 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2024 एम./60 दिनांक 31.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सुल्ताना कादरी, पिता- स्व. श्री अजीज अली कादरी,** ने मकान नं. 1607/1 पिन. नं. 1000478199 **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड,** भूतल 460 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, चुकतानामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999